नई दिल्ली
सोमवार 26 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 30, अंक : 189
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



महर्षि वाल्मीकि जयंती
आज



आसमान में शानदार नजारा

## पीएम मोदी ने देखा वायुसेना का भव्य एयर शो

# काशी के आसमान में सुखोई, राफेल और तेजस का शौर्य

- 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर नमो घाट के ऊपर विमानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब
- सारंग और सूर्य किरण टीम ने भी किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी के आसमान में रविवार को भारतीय वायुसेना के शौर्य, पराक्रम और हवाई ताकत का शानदार नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के नमो घाट पहुंचे और भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एयर शो देखा। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर हुए इस हवाई प्रदर्शन में सुखोई, राफेल, तेजस समेत कई लड़ाकू और परिवहन विमानों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। गंगा ▶▶शेष पेज 5 पर



चिनूक हेलीकॉप्टर

### कैलाश और विश्वनाथ फॉर्मेशन ने दिखाया दम

'कैलाश फॉर्मेशन' में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने वी-आकार की संरचना का नेतृत्व किया। उसके दोनों ओर एएन-32 परिवहन विमान नजर आए। 'विश्वनाथ फॉर्मेशन' में सुखोई-30 एमकेआई विमानों ने शानदार तालमेल के साथ उड़ान भरी और तीन विमानों के 'त्रिशूल' स्प्लिट का प्रदर्शन किया। 'प्रचंड' फॉर्मेशन में छह विमानों ने तीर के सिरे जैसी संरचना बनाकर उड़ान भरी। इसके अलावा सुखोई-30 एमकेआई के एक विमान ने गंगा के ऊपर करीब नौ मिनट तक हैरतअंगेज करतब दिखाए। वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम ने करीब 20 मिनट तक अपने करतब दिखाए। टीम ने ▶▶शेष पेज 5 पर



पीएम मोदी एयर शो देखते हुए

### वाराणसी को गारमेंट फैक्ट्री की सौगात

एयर शो में शामिल होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में अरविंद मिल की गारमेंट फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 300 महिलाओं से संवाद भी किया।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन 2027 का सिलेबस जारी

**नई दिल्ली।** एनटीए ने जेईई मेन 2027 का सिलेबस जारी कर दिया है। आईआईटी, एनआईटी सहित



केंद्रीय तकनीकी संस्थानों में बीई और बीटेक में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट से सिलेबस डाउनलोड कर सकते हैं। सिलेबस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेपर-1 में भौतिकी की 20, रसायन विज्ञान की 20 और गणित की 14 यूनिट शामिल हैं। मैकेनिक्स, केमिकल बॉन्डिंग, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री, कैलकुलस, बीजगणित,ज्यामिति शामिल हैं।

### किराया के नहीं थे पैसे छापे 37 लाख के नोट!

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक



किराएदार ने बंद कमरे के भीतर ही नकली नोट छापने का पूरा सेटअप लगा रखा था। मकान मालिक के साथ किराए के पैसों को लेकर हुए विवाद और कमरे का ताला तोड़े जाने के बाद इस पूरे फर्जी नोट रैकेट का खुलासा हुआ। वाठोड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब कमरे की तलाशी ली, तो अधिकारियों के होश उड़ गए। कमरे से 500 रुपए के नकली नोटों की गड्डियां, हाई-टेक प्रिंटर, नोट गिनने की मशीन और आधा-अधूरी छपी करेंसी बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फर्जी नोटों के इस कारोबार को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान पुष्पक कृष्णा भंडारकर उर्फ बेंदने (त्रिमूर्ति नगर, नागपुर निवासी) के रूप में हुई है। डेढ़ साल पहले नागपुर के खारबी इलाके में रमेश नाम के व्यक्ति से एक कमरा किराए पर लिया था।

## पटना में कांग्रेस अध्यक्ष की अभद्र टिप्पणी

# खरगे ने पीएम मोदी के पिता को कहे अपशब्द अमित शाह ने कहा- मर्यादा ही तार-तार कर दी

एजेंसी ▶▶ पटना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बिहार की राजधानी पटना में अपने एक बयान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण के दौरान खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। दरअसल, खरगे के संबोधन के बीच भीड़ में मौजूद एक युवक ने कहा- 'मोदी नहीं जाएगा।' इस पर नाराज होते हुए खरगे ने जवाब दिया- मोदी का बाप भी जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष की इस टिप्पणी पर बिहार से लेकर दिल्ली तक हंगामा शुरु हो गया। देर शाम तक कई नेताओं के बयान आए और चौतरफा निंदा होने लगी। इसी बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सभी सीमाएं लांघ दीं और मर्यादा को तार-तार कर दिया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद बयान को ▶▶शेष पेज 5 पर



- **युवक ने कहा था - मोदी नहीं जाएगा, खरगे बोले - उसका बाप भी जाएगा**
- **युवक को धक्के देकर बाहर निकालने और पिटाई का वीडियो आया सामने**

### पहले भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं खरगेः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की टिप्पणी पर आपत्ति जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा कि खरगे ने पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी कर मर्यादाएं तार-तार कर दीं। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पहले भी मोदी और उनके परिवार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुकी है। उन्होंने मोदी की मां के बारे में कथित टिप्पणियों, उन्हें 'मौत



का सौदागर' कहने और 'चायवाला' कहकर उनकी गरीबी का मजाक उड़ाने का उल्लेख किया। शाह ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पर अभद्रता की सीमाएं पार करने का आरोप लगाया।

### 85 साल का हूं, अब क्यों डरूं: खरगे

खरगे ने कहा- 'मैं 85 साल का हूं, अब क्यों डरूं।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और कहा कि अधिकारों के लिए लोगों को घरों से बाहर निकलना होगा।

### खेड़ा ने कहा- संघ और भाजपा के इशारे पर हो रहा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस घटना को लेकर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खरगे के साथ बार-बार अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। खेड़ा ने दावा किया कि ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश यह सब देख रहा है और जनता इसे माफ नहीं करेगी।

### शिकायत दर्ज, भाजपा का प्रदर्शन आज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर दिए गए विवादित बयान को लेकर पटना में शिकायत दर्ज हो गई है। भाजपा ने सोमवार को देशभर में खड़गे के खिलाफ प्रदर्शन का भी ऐलान कर दिया है।

## राहुल गांधी का 'चलो दिल्ली' आह्वान

# 1 नवंबर को रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली

मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और वोट चोरी के आरोपों को लेकर इंडिया गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन

छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों से दिल्ली पहुंचने की अपील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार तथा चुनावी प्रक्रिया पर अपना हमला तेज कर दिया है। उन्होंने 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जन मार्च और महारैली में शामिल होने के लिए देशवासियों से 'चलो दिल्ली' का आह्वान किया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों से नाम हटाए गए, नियम-कानूनों का उल्लंघन हुआ और सवाल उठाने वालों पर लाठियां चलाई गईं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर चुप नहीं बैठा जाएगा और जनता इसका जवाब देगी। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर रैली में शामिल होने ▶▶शेष पेज 5 पर

### भाजपा पर तंज, प्रचार के लिए जताया धन्यवाद

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों पर भी तंज कसा। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों का धन्यवाद, जो इस कार्यक्रम का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने ▶▶शेष पेज 5 पर

### एसआईआर और मतदाता सूची का मुद्दा केंद्र में

कांग्रेस लंबे समय से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित तौर पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर सवाल उठा रही है। पार्टी का आरोप है कि इस प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं और चुनावी प्रक्रिया की ▶▶शेष पेज 5 पर

हिंसा रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग

# मणिपुर हिंसा : कांग्रेस ने कहा,सीएम इस्तीफा दें,केंद्र से निर्णायक हस्तक्षेप का किया आग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर में जारी हिंसा, हत्याओं और विस्थापन को लेकर कांग्रेस ने रविवार को मुख्यमंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा नेतृत्व वाली सरकारें शांति बहाल करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही हैं।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के मणिपुर प्रभारी सप्तगिरि उलाका और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने तथा हिंसा रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, मई 2023 में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 24 हजार विस्थापित लोग अब भी राहत शिविरों में रह रहे हैं। पार्टी ने कहा कि ▶▶शेष पेज 5 पर



### हालिया हिंसा पर जताई चिंता

कांग्रेस ने 23 अक्टूबर को मणिपुर के घाटी क्षेत्र के पांच जिलों में हुए 'साउंड प्रोटेस्ट' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह जनता में बढ़ते असंतोष को दर्शाता है। पार्टी के अनुसार, इंफाल में प्रदर्शनकारियों ने लोक भवन की ओर मार्च करने का प्रयास किया, जिन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 19 अक्टूबर को नोंगशुम-सुनुरोक के निकट लकड़ी इकट्ठा कर रहे तीन मैतेई नागरिकों की हत्या कर दी गई और कई अन्य घायल हुए। उन्होंने कामजोंग जिले में गोलीबारी, कुकी और नागा समुदायों के लोगों पर हमलों ▶▶शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

कांग्रेस ने नागरिकों की सुरक्षा, हत्याओं और आगजनी की घटनाओं की समयबद्ध जांच तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पार्टी ने सुरक्षा और खुफिया तंत्र की विफलताओं की जवाबदेही तय करने, सुरक्षा बलों की तैनाती की समीक्षा करने और राज्य में सुरक्षित एवं निर्बाध आवाजाही बहाल करने पर भी जोर दिया। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति गीता मित्तल समिति की टिप्पणियों का हवाला देते हुए राहत शिविरों की स्थिति, विस्थापितों की मौतों, जांच और पुनर्वास से जुड़े लंबित सवालों को उठाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के इस्तीफे और फरवरी ▶▶शेष पेज 5 पर

## सियांग डैम के विरोध में हिंसा, एनएचपीसी कार्यालय में आगजनी

पुलिस थाने और नेताओं के आवासों पर हमले

# आरएएफ के 250 जवानों को एयरलिफ्ट कर पासीघाट भेजा

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 11,200 मेगावाट के सियांग डैम के विरोध में हिंसा के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी की है। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की दो कंपनियों के करीब 250 जवानों को महाराष्ट्र के नवी मुंबई से वायुसेना के विमानों के जरिए पासीघाट पहुंचाने का अनुरोध किया गया है।

23 अक्टूबर को सियांग, अपर सियांग और पूर्वी सियांग जिलों में परियोजना के विरोध में 12 घंटे का बंद बुलाया गया था। इसके बाद पासीघाट में हिंसा भड़कने की खबरें सामने आईं। इस दौरान नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन



फाइल फोटो

(एनएचपीसी) के कार्यालय में आगजनी की गई। पुलिस थाने, वाहनों और भाजपा नेताओं के आवासों को भी निशाना बनाए जाने की सूचना है। इनमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कलिंग मोयोंग और विधायक निनोंग एरिंग तथा ओनी पनयांग के आवास शामिल हैं।

हिंसा के बाद पूर्वी सियांग जिला प्रशासन ने पासीघाट, मेबो और रुक्सिन में निषेधात्मक प्रतिबंध लागू किए हैं।

### विस्थापन की आशंका से विरोध

सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट के विरोधियों को आशंका है कि बांध से पुश्तैनी जमीन, घरों, खेती और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। वहीं, परियोजना समर्थक इसे बिजली उत्पादन और जल सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण मानते हैं।

## हिंदुत्व पर बयान से गरमाई सियासत

# दिग्विजय सिंह बोले- हिंदुत्व का सनातन धर्म से लेना-देना नहीं

### सनातन परंपरा में नफरत और कटुता का स्थान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के हिंदुत्व पर दिए बयान और उनकी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' को लेकर सियासी चर्चा तेज हो गई है। रविवार को शाजापुर में प्रेस वार्ता के दौरान सिंह ने कहा कि वे कभी हिंदुत्व के समर्थक नहीं रहे और न रहेंगे। उनके मुताबिक हिंदुत्व का सनातन धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा किया



दिग्विजय सिंह

कि सनातन धर्म हजारों साल पुराना है, जबकि हिंदुत्व शब्द सावरकर ने दिया था। सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में कटुता और नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। इससे पहले सिंह ने ▶▶शेष पेज 5 पर

## 'मन की बात' के 139 में संस्करण में पीएम नरेंद्र मोदी ने अंगदान पर नर्मदापुरम की शिवानी जी को याद किया

मन की बात के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम ने कहा कि यह तीर्थ यात्रा से कम नहीं

# जो लोग जीवन पूरा करने के बाद अंगदान करके जाते हैं, वे कितने ही लोगों का जीवन भी बचाते हैं और रिसर्च को भी संभव बनाते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिवानी जी के परिवार के इस फैसले से समाज और देश के लिए एक बड़ा संदेश गया

मन की बात के 139 में संस्करण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 12 वर्ष पहले, विजयादशमी के पावन अवसर पर, हमने 'मन की बात' की शुरुआत की थी। तब से अब तक, हमारी ये यात्रा निरंतर जारी है। इस यात्रा के सहयात्री भी आप हैं और मार्गदर्शक भी आप ही हैं।

'मन की बात' देश के सामान्य मानवी के परिश्रम, उसके पराक्रम, उसकी प्रतिबद्धता, उसके समर्पण और सेवा-भाव का गौरवगान करने का एक शुभ अवसर



पीएम मोदी



राजकीय सम्मान

रहा है। हमारे देश में सदियों से तीर्थ यात्रा की परंपरा रही है। मेरे लिए 'मन की बात' भी देश के लोगों के प्रयासों को करीब से जानने की और उनके योगदान को नमन करने की एक तीर्थ यात्रा से कम नहीं है।

### शिवानी की एक सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

पीएम ने एडवांस रिसर्च में ऑर्गन डोनेशन की भूमिका रेखांकित करते हुए नर्मदापुरम की शिवानी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जो लोग अपना जीवन पूरा करने के बाद अंगदान करके जाते हैं, वो कितने ही लोगों का जीवन भी बचाते हैं और रिसर्च को भी संभव बनाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण है- मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम की शिवानी जी का। शिवानी जी एक सड़क दुर्घटना की शिकार हो गई थी। परिवार पर मुसीबत टूट पड़ी, लेकिन इस कठिन समय में भी उनके परिवार ने एक ऐसा ▶▶शेष पेज 5 पर

### अब ब्रेन की थ्री डी मैपिंग पर भी काम

पीएम ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में मैं चेन्नई गया था। मेरी मुलाकात वहां देश की कई युवा प्रतिभाओं से हुई। ऐसी ही एक फील्ड है ब्रेन रिसर्च। इसी से जुड़े 'सुधा गोपाल कृष्णन ब्रेन सेंटर' का मैंने आईआईटी मद्रास में लोकार्पण किया था। इस केंद्र ने एक ब्रेन इमेजिंग टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म बनाया है जो दुनिया-भर के लिए मिसाल है। इसके जरिए मानव मस्तिष्क की हाई रिजॉल्यूशन थ्री डी तस्वीरें तैयार की जा रही है उनका लक्ष्य है आने वाले दिनों में सौ मनुष्य ब्रेन की की थ्री डी मैपिंग करके उनका बारीकी से अध्ययन करना। पूरी दुनिया में ये इस तरह का पहला मिशन है। इस काम में परम शक्ति सुपर कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। आज भी अल्जाइमर और डीजेनेशिया जैसी बीमारियां हैं, जिनका ▶▶शेष पेज 5 पर

# मुठभेड़ के बाद एक लाख का इनामी अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में रविवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक लाख का इनामी अपराधी घायल हो गया। सावन उर्फ मुछोड़ा (54) नाम के बदमाश ने पुलिस टीम पर दो गोलियां चलाई, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली मार उसे दबोच लिया। इस पर लूटपाट समेत दर्जनभर आपराधिक मामले दर्ज बताये गये हैं।

डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार नेब सराय थाना क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश 'छैमार गैंग' (कच्छा-बनियान गैंग) से संबंध रखता था। सूचना मिली थी कि सावन आजकल डकैती डालने के इरादे से मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र के फार्महाउसों की रेकी कर रहा है। संदिग्ध की गतिविधियों के बारे में मिली गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। रविवार सुबह लगभग सवा 6 बजे संदिग्ध बास गांव रोड से मोटरसाइकिल पर पहुंचा। मुखबिर ने उसकी पहचान की। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने देसी पिस्तौल से फायरिंग कर दी। एसआई नरेंद्र कुमार ने चेतावनी के तौर पर तीन राउंड फायर किए। इसके बाद संदिग्ध ने एक और देसी पिस्तौल निकाली और फिर से फायरिंग की, जिसमें एक गोली एसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट से जा टकराई। खतरे को देखते हुए कांस्टेबल वसीम अकरम ने संदिग्ध की ओर गोली चलाई, जो उसके दाहिने पैर की पिंडली में लगी। घायल बदमाश को तुरंत इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। आरोपी यूपी के कन्नौज जिले का रहने वाला है। आरोपी थाना शाहगंज, जौनपुर, उत्तर प्रदेश के डकैती और हत्या के एक मामले में वांछित था। एडीजी वाराणसी जोन द्वारा इसकी गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था। थाना राया, मथुरा, के एक और लूट और हत्या के एक मामले वह शामिल रहा है। इसके अलावा थाना सिटी-2, मानसा, पंजाब के हत्या और लूट के एक मामले में भी यह वांछित था।

# चार नाबालिगों ने युवक को चाकू घोंप उतारा मौत के घाट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समयपुर बादली पुलिस ने 12 घंटे के भीतर एक ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझा लिया है। इस सिलसिले में चार नाबालिगों को पकड़ा। अपराध में इस्तेमाल दो चाकू भी बरामद कर लिये गये।

पुलिस के अनुसार यह वारदात 23/24 अक्टूबर की दरमियानी रात सामने आई। समयपुर बादली पुलिस पीसीआर कॉल मिलने के बाद सिरसपुर स्थित जीवन पार्क की गली नंबर 16, संडे बाजार चौक के पास पहुंची। पता चला कि चार से पांच हमलावरों ने एक युवक को चाकू मार दिया है। घायलविशाल (25) निवासी सिरसपुर, जीवन पार्क को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया था। उसके बाएं कूल्हे, छाती के दोनों तरफ और पेट के हिस्से पर कई जगह चाकू के घाव थे। शनिवार को इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। इसके बाद बीएनएस की धारा 109(1) को धारा 103(1) से बदला गया। जांच के दौरान पुलिस ने जीवन पार्क और आसपास के इलाकों की तंग गलियों से 100 से अधिक कैमरा फुटेज की बारीकी से जांच की। फुटेज में चार लोगों को हमले के बाद घटनास्थल से भागते हुए देखा गया। चूंकि संदिग्धों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड या उनके बारे में कोई जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं थी, इसलिए उनकी पहचान करना एक बड़ी चुनौती थी। कैमरा फुटेज के लगातार विश्लेषण, स्थानीय पूछताछ और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद टीम को कुछ सुराग मिले और संदिग्धों की पहचान की गई। एक सघन तलाशी अभियान चलाकर वारदात के 12 घंटे के भीतर ही सिरसपुर इलाके से चार किशोरों को पकड़ लिया गया।

### पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिये की हत्या

पूछताछ के दौरान आरोपी किशोरों ने बताया कि कुछ महीने पहले एक जन्मदिन की पार्टी के दौरान उनका किसी बात पर झगड़ा हुआ था। मृतक अपने दोस्तों के साथ वहां आया और उन्हें अपमानित किया था। उनमें से एक के साथ मारपीट भी की गई थी। इस घटना के बाद से उनके मन में रंजिश थी और बदला लेने की योजना बना रहे थे। उन्होंने मृतक की दिनचर्या पर नजर रखी, जिसमें उसका देर रात काम से घर लौटने का पता चला था। रात के अंधेरे में उसे घेर पहले मारपीट की गई और बाद में कई बार चाकू से वार किया। पकड़े गये सभी किशोर आरोपियों की उम्र 17 वर्ष बताई गई है। चारों स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके हैं।

## दो क्विंटल हरित पटाखे जब्त, दो लोग पकड़े



**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के हैदरपुर गांव में पुलिस ने एक गोदाम से 2,375 किलोग्राम हरित पटाखे जब्त किये हैं। इनके अवैध भंडारण के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि हैदरपुर गांव के एक गोदाम में अवैध रूप से पटाखे रखे गए हैं। पुलिस गोदाम पर पहुंची तो वहां ताला लगा हुआ मिला। इसके बाद गोदाम के मालिक को बुलाया गया और परिसर की तलाशी ली गई। गोदाम के अंदर भारी मात्रा में हरित पटाखे मिले। संबंधित लोग पटाखों के भंडारण के लिए वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद पटाखों को जब्त कर लिया गया। रोहन गाबा और भव्य जग्गी को अरेस्ट किया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने कथित तौर पर इस मंशा से पटाखे खरीदे थे कि लाइसेंस प्राप्त होने के बाद वे इनकी बिक्री शुरू कर देंगे। हालांकि, लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई और आरोपी पटाखों के भंडारण के लिए वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके।

# जामिया यूनिवर्सिटी के गेट पर रविवार को भी हंगामा



■ पुलिस और छात्रों में हुई झड़प, कई छात्र नेता हिरासत में लिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्र अपनी मांगों को लेकर कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच विश्वविद्यालय की दीवारों पर लिखे गए देश विरोधी नारों के कारण परिसर में तनाव बढ़ गया है। रविवार को गेट नंबर सात पर छात्रों की पुलिस से झड़प भी हुई। इस दौरान पुलिस ने चार छात्र नेताओं को हिरासत में लिया। विरोध-प्रदर्शन के बीच पुलिस ने जामिया के गेट बंद कर दिये। गेट पर हंगाम कर रहे छात्रों को भी हटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर आंदोलनकारी छात्रों ने खाना पानी बंद किए जाने का भी आरोप लगाया है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय पिछले कई दिनों से राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। छात्रों के समर्थन में कई जानेमाने राजनीतिक चेहरे भी आ चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को छात्रों के प्रदर्शन को कुचलने के लिये पुलिस का सहारा लिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भी छात्रों के समर्थन में बाहर से गेट नंबर 7 पर नारेबाजी करते बाहरी छात्र व स्थानीय नेता पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने तीन महिला छात्र नेताओं समेत चार को डिटेन कर लिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भी प्रदर्शन कर रहे छात्र गेट से कूदकर कैंपस में जाने की कोशिश करते दिखें। हालांकि पुलिस की टीम विश्वविद्यालय के गेट पर तैनात है। गौरतलब है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्रसंघ चुनावों की बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। विश्वविद्यालय में आखिरी बार वर्ष 2006 में छात्रसंघ चुनाव हुए थे। उस दौरान संस्थान और छात्रों के बीच लगातार बढ़ते गतिरोध और हिंसक घटनाओं के बाद जामिया के छात्रसंघ को पूरी तरह भंग कर दिया गया था।

# क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी में शामिल दो आरोपी पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर और क्रेडिट कार्ड विवरण का दुरुपयोग कर 50 से अधिक लोगों से ठगी करने वाले एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह में शामिल झारखंड के दो युवकों को गिरिफ्तार किया है। इनमें एक युवक बी.टेक स्नातक है।

पुलिस ने बताया कि जामताड़ा निवासी आरोपी आफताब अंसारी (24) और अब्दुल मजीद (23) को धनबाद से पकड़ा गया। आरोपी मुख्य रूप से 50 वर्ष से अधिक आयु के अधेड़ लोगों को निशाना बनाते थे और क्रेडिट कार्ड का केवाईसी विवरण अपडेट करने के बहाने उनके साथ धोखाधड़ी करते थे। आरोप है कि वे वीडियो कॉल के दौरान पीड़ितों को क्रेडिट कार्ड नंबर और सीवीवी साझा करने तथा 'स्क्रीन शेयरिंग' चालू करने के लिए झांसे में लेते थे। इससे वे ओटीपी हासिल कर लेते थे और अनाधिकृत लेनदेन को अंजाम देते थे। 23 सितंबर को दर्ज एक मामले में भी इन्होंने खुद को बैंक अधिकारी बताकर ठगी की थी।

# फैक्टरी के बाहर फायरिंग मामले में आंध्र प्रदेश से दो किए अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूठ खुर्द गांव में एक फैक्टरी के बाहर 19 अक्टूबर को हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने 19 वर्षीय दो युवकों को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों के गैंगस्टर नितिन डबास उर्फ विक्की हड्डुल और एक संगठित आपराधिक गिरोह के साथ इनके संबंधों की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने हेलमेट बनाने वाली एक फैक्टरी के सामने स्थित टाइल्स के गोदाम के मुख्य गेट और कार पर कई गोलियां चलाई थीं। ये गिरफ्तारियां ऐसे समय हुई हैं, जब कुछ दिन पहले ही डबास से कथित संबंध रखने वाले दो लोगों को 20 अक्टूबर को कीर्ति नगर में एक कारोबारी की इमारत पर गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। कारोबारी को कथित तौर पर जबरन वसूली के लिए फोन किए गए थे। शिकायतकर्ता अभय जैन (27) ने पुलिस को बताया कि 19 अक्टूबर को वह अपनी फैक्टरी के अंदर थे, तभी उन्हें गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने बाहर आकर देखा तो दो युवक उनकी ऑरा कार और गोदाम के गेट पर गोलियां चलाकर फरार हो रहे थे। इस संबंध में बवाना थाने में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया, जिससे आरोपियों का पता आंध्र प्रदेश में चला। आरोपी अरुण शर्मा और सूरज दोनों सुल्तानपुर डबास गांव के रहने वाले हैं। उन्हें शुक्रवार को स्थानीय पुलिस की मदद से श्रीकाकुलम जिले के नरसन्नापेटा इलाके में एक डांस स्टूडियो से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अरुण सोशल मीडिया के माध्यम से डबास के संपर्क में आया था। बाद में दोनों के बीच इंटरनेट के जरिये वॉयस कॉल करने वाले एक एप के माध्यम से बातचीत होने लगी। डबास ने दोनों युवकों को बहादुरगढ़ से हथियार और पैसे लाने तथा टारगेट की पहचान करने का निर्देश दिया था। गोलीबारी के दौरान डबास और आरोपियों के बीच कथित बातचीत की भी जांच की जा रही है।

## छात्रा की मौत केस में शिक्षकों से पुलिस की पूछताछ, कैमरे भी खंगाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के कृष्णा नगर स्थित एक सरकारी स्कूल में शनिवार को 12वीं कक्षा की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर हुई मौत के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। रविवार को पुलिस ने शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों से भी पूछताछ की। यह घटना शनिवार को उस वक्त हुई जब सर्वोदय कन्या विद्यालय में में निरीक्षण कार्य जारी था। सूत्रों के मुताबिक, छात्रा सातवें पीरियड की कक्षा में मौजूद थी, जब उसने पानी पीने के बहाने अपने शिक्षक से बाहर जाने की अनुमति मांगी। इसके बाद वह बाहर चली गई और कुछ ही मिनटों बाद उसने खुद को आग के हवाले कर दिया। पुलिस की टीम इस मामले में कई पहलुओं से जांच कर रही हैं। लड़की के संदिग्ध 'ब्रेकअप' का पहलू भी जांच के दायरे में है। टीम उसके सहपाठियों, परिवार और दोस्तों से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि वह सुरक्षाकर्मियों या शिक्षकों की नजरों में आए बिना उस जगह तक कैसे पहुंची और इस कदम को अंजाम दे दिया। इसके अलावा, स्कूल की निगरानी व्यवस्था और उन परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है जिनमें छात्रा कक्षा छोड़कर बाहर निकली थी। पुलिस अभी तक मौत की असली वजह पता नहीं कर पाई है। पुलिस परिवार के उन आरोपों की भी जांच कर रही है जिसमें उन्होंने किसी साजिश की आशंका जताई है। छात्रा के परिवार ने आत्महत्या की बात पर अविश्वास जताते हुए सवाल उठाया है कि स्कूल के समय में ऐसी घटना कैसे हो सकती है? परिवार ने इसमें स्कूल प्रशासन और कर्मचारियों की लापरवाही का आरोप लगाया है।

# धोखाधड़ी वाले बैंक खातों का संचालन करने के दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 2.10 करोड़ रुपये से जुड़े खाते का कर रहे थे संचालन

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस पुलिस ने 2.10 करोड़ रुपये की डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के मामले से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें रकम को आगे भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए एक 'म्यूल' बैंक खाते का संचालन करने के आरोप में पकड़ा गया है। आरोपियों के नाम सोनू खान (36) और अर्जुन चौधरी (38) बताये गये हैं। इनके पास से चार मोबाइल, छह डेबिट कार्ड और 10 चेकबुक बरामद हुई।

पुलिस ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान पाया कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार में पंजीकृत एक बैंक खाते में 12 अक्टूबर को 98,592 रुपये जमा हुए थे। यह रकम जनकपुरी के एक निवासी के साथ डिजिटल अरेस्ट के जरिये करीब 2.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े मामले से संबंधित थी। इस संबंध में आईएफएसओ यूनिट ने मामला दर्ज किया था। खान को अशोक नगर स्थित एक दुकान से पकड़ा गया। वहां से तीन मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और चेकबुक बरामद हुई। इसकी निशानदेही पर अर्जुन चौधरी दबोचा गया। चौधरी ने आर्थिक मदद के बदले दुकान खुलवाने में सहायता की थी और उसके बैंक खातों का नियंत्रण अपने हाथ में लिया था। अर्जुन के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। रकम के लेनदेन की कड़ियों का पता लगाने और आरोपियों की भूमिका स्पष्ट करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## बारिश के बाद राजधानी के प्रदूषण में आई कमी न्यूनतम पारा भी लुढ़का, अभी बारिश नहीं!

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार देर रात अचानक आई तेज आंधी और बारिश के बाद रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट से लोगों को राहत मिली है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार सुबह 7 बजे तक औसत एक्यूआई 117 दर्ज किया गया, जबकि एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 108, गुरुग्राम में 133, गाजियाबाद में 115, ग्रेटर नोएडा में 122 और नोएडा में एक्यूआई 118 दर्ज किया गया। एक्यूआई में कमी से लोगों को कुछ हद तक जहरीली हवा से राहत मिली है। प्रदूषण की कमी को लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश के दौरान वातावरण में मौजूद धूल और प्रदूषण के पानी के साथ जमीन पर बैठ जाते हैं। इससे हवा में तैरने वाली धूल के कणों की मात्रा काफी घट जाती है और एयर क्वालिटी में सुधार होता है। साथ ही हवा की गति और मौसम में बदलाव भी प्रदूषण के स्तर को कम करने में कारगर साबित होते हैं। दिल्ली एनसीआर में निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन और अन्य स्थानीय प्रदूषण की प्रमुख वजहों में शामिल है। हालांकि बारिश होने के बाद कुछ वक्त के लिए सही लेकिन दिल्ली एनसीआर के लोगों को जहरीली हवा से निजात जरूर मिली है। दूसरी तरफ मौसम के बदलाव का असर तापमान पर भी देखने को मिला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान में 17 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.2 डिग्री नीचे है। वहीं दोपहर बाद दिल्ली का अधिकतम तापमान बढ़कर 31.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से 0.7 डिग्री नीचे है। यानी कहा जा सकता है कि बारिश से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई है।

## डीटीसी 31 अक्टूबर को आयोजित करेगा 'दिवाली मेला

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) 31 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए 'दिवाली मेला 2026' का आयोजन करेगा। इस मेले में डीटीसी के नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ रियायत ग्राही स्टाफ और अधिकारी भी अपने परिवारों के साथ शामिल होंगे। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत सर्कुलर जारी किया गया है। मेले के सुचारू आयोजन के लिए दिल्ली के सभी चार जोनों (पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण) को मिलाकर कुल 60 स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रत्येक जोन में 15 स्टॉल (8 फूड स्टॉल और 7 गेम स्टॉल) बनाए जाएंगे। इन्हें केवल डिपो कर्मचारियों या उनके परिवार के सदस्यों द्वारा ही संचालित किया जाएगा। प्रशासन विभाग की ओर से कैनोपी और टेबल उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन को व्यवस्थित रखने के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय प्रबंधक अपने क्षेत्र के डिपो प्रबंधकों को अलग-अलग स्टॉल के प्रभारी के रूप में नामित करेंगे। दिवाली मेले के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कला प्रस्तुतियों के लिए डीटीसी कर्मचारी और उनके परिवार जन अपने डिपो मैनेजर के पास नामांकन जमा कर सकते हैं।

### दिल्ली के बाहरी क्षेत्रों में करने की मांग

# नई दिल्ली में प्रदर्शनों से करोड़ों के नुकसान से व्यापारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस के पास स्थित जंतर मंतर पर होने वाले धरने प्रदर्शनों की वजह से परेशान दुकानदारों ने सरकार से गुहार लगाई है कि इससे उनका काम धंधा चौपट होता जा रहा है। करोड़ों रुपए का व्यापार नष्ट हो चुका है, ऐसे में सरकार को हमारी तरफ भी ध्यान देना चाहिए। इस मुद्दे पर व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सरकार से आग्रह किया है की है कि ऐसे धरने-प्रदर्शनों के लिए दिल्ली के केंद्र यानी नई दिल्ली की बजाए दिल्ली के बाहरी क्षेत्रों में भेजा जाए। जिससे की उनके विरोध करने के लोकतांत्रिक अधिकारों और हम व्यापारियों की काम धंधे की गतिविधियों के बीच संतुलन कायम रखा जा सके। कैट के इस पर मामले पर ऑनलाइन याचिका शुरू करने का निर्णय भी लिया है। इस बारे में कैट के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष विपिन आहूजा, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव सुमित अग्रवाल, दिल्ली प्रदेश महासचिव आशीष ग्रोवर, चांदनी चौक ट्रेडर्स परिषद के अध्यक्ष सुरेश बिंदल, नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल भार्गव, खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मेहरा तथा किराना कमेटी के अध्यक्ष गंगा बिशन गुप्ता ने कहा कि सरकार को हमारी परेशानी की तरफ भी गंभीरता से ध्यान देना चहिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की कल सोमवार को ऑनलाइन बैठक होने जा रही है में जिसमें इस मुद्दे पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी और उसके बाद कदम आगे बढ़ाया जाएगा। कैट के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने बताया कि लगातार होने वाले प्रदर्शनों से बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही, माल की ढुलाई, परिवहन और दैनिक व्यापार बुरी तरह प्रभावित होता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों और अन्य सेवा प्रदाताओं को भुगतना पड़ता है, जिनकी रोजाना की आय पर उनके परिवार निर्भर हैं। आहूजा ने कहा कि दिल्ली देश के सबसे बड़े व्यापारिक एवं वितरण केंद्रों में से एक है। दिल्ली की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार व्यापार, थोक एवं खुदरा बाजार, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और सेवाएं हैं। यह मुख्यत न तो कृषि प्रधान और न ही औद्योगिक उत्पादन पर आधारित राज्य है। इसलिए दिल्ली के व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में व्यवधान का असर केवल दुकानदारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देशभर में माल की आपूर्ति और उससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बताया कि व्यापारिक नेताओं ने स्पष्ट कहा है कि व्यापारियों को विरोध-प्रदर्शनों से कोई विरोध नहीं। लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों की रोजी-रोटी प्रभावित करना कतई स्वीकार्य नहीं है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का जितना अधिकार महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण व्यापार करने, रोजगार कमाने और आजीविका चलाने का अधिकार भी है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि दिल्ली के बाहरी क्षेत्रों में पर्याप्त परिवहन, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं से युक्त स्थायी प्रदर्शन स्थल निर्धारित किए जाएं। इससे प्रदर्शनकारी अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकेंगे और केंद्रीय दिल्ली के बाजारों, आम नागरिकों तथा आर्थिक गतिविधियों को अनावश्यक बाधाओं से बचाया जा सकेगा।

# एनडीएमसी नेहरू पार्क में विकसित करेगी बड़ा ट्यूलिप गार्डन : द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) नेहरू पार्क में बड़ा ट्यूलिप गार्डन विकसित करेगी। इसमें पार्किंग और मनोरंजन की विशेष सुविधाएं होंगी, ताकि आगंतुक मौसमी फूलों का आनंद लेते हुए वहां अधिक समय बिता सकें। इसकी जानकारी एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने रविवार को दी है। द्विवेदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रस्तावित गार्डन के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है और इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि यह नया गार्डन शांति पथ पर पहले से मौजूद ट्यूलिप की सजावट को और अधिक बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि शांति पथ पर खिलने वाले ट्यूलिप के फूल हर साल लोगों को आकर्षित करते हैं, लेकिन पार्किंग की सुविधा न होने के कारण अक्सर यातायात जाम हो जाता है और लोग सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, जिससे उनके लिए वहां ज्यादा देर तक रुकना मुश्किल हो जाता है। द्विवेदी ने कहा कि नेहरू पार्क में प्रस्तावित गार्डन में अलग पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके अलावा संगीत और ड्रोन फोटोग्राफी जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, ताकि परिवार यातायात संबंधी परेशानियों के बिना फूलों का आनंद ले सकें और वहां अधिक समय बिता सकें। द्विवेदी ने कहा कि ट्यूलिप के फूल केवल 20-25 दिनों तक ही खिलते हैं। इसलिए, हम इस जगह को 'फूलों की घाटी' (वैली ऑफ फ्लावर्स) के रूप में विकसित करेंगे, जहां साल भर स्थानीय और मौसमी फूल खिले रहेंगे।

### निहाल विहार में रसगुल्ला बनाने वाली इकाइयों पर छापे

# त्योहारों में खाद्य सामग्री में मिलावट पर दिल्ली सरकार सख्त: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



त्योहारों में खाद्य सामग्री में मिलावट पर दिल्ली सरकार की कार्यशैली और सख्त हो गई है और इसी के चलते निहाल विहार में रसगुल्ला बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी की गई है। इस छापेमारी के दौरान कुल 922 किलोग्राम खाद्य सामग्री नष्ट की गई और नमूने उठाए गए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि त्योहारों के उल्लास के बीच प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा सुनिश्चित हो तथा दिल्लीवासियों को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों। सरकार से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार, त्योहारों के दौरान लोगों को शुद्ध और सुरक्षित मिठाइयां व खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। इसी क्रम में निहाल विहार में बिना लाइसेंस चल रही रसगुल्ला निर्माण इकाइयों, अन्य मिठाई निर्माताओं और मिठाई की दुकानों पर औचक छापेमारी कर 402 किलोग्राम खाद्य सामग्री नष्ट की गई। दूसरी ओर मोरी गेट खोया मंडी में विशेष अभियान के दौरान 520 किलोग्राम खराब खोया और छेना नष्ट किया गया। कुल 922 किलोग्राम खाद्य सामग्री नष्ट की गई और नमूने उठाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह नियमित निगरानी के साथ-साथ औचक निरीक्षण और नमूना जांच की कार्रवाई भी प्रभावी ढंग से जारी रखे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करे।

#### मिठाइयों की शुद्धता से कोई समझौता नहीं

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की शुद्धता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। विशेषकर त्योहारों के दौरान, जब मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है, तब खाद्य सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सतर्कता और जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है।

#### खाद्य सुरक्षा कानून के तहत होगी आगे की कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार संबंधित खाद्य कारोबार संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा लागू नियमों और विनियमों के तहत निरीक्षण निष्कर्षों और जहां लागू हो, प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान निरीक्षण, नमूने लेने और प्रवर्तन की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले खाद्य पदार्थों के निर्माण, आपूर्ति और बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

#### निहाल विहार में 13 परिसरों का निरीक्षण

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने शनिवार को निहाल विहार में बिना लाइसेंस संचालित रसगुल्ला निर्माण इकाइयों, अन्य मिठाई निर्माताओं और मिठाई की दुकानों सहित 13 परिसरों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान अस्वच्छ निर्माण और खाद्य पदार्थों के रखरखाव से जुड़ी स्थितियों की जांच की गई। इस दौरान लगभग 402 किलोग्राम खाद्य सामग्री नष्ट की गई, जिसमें 265 किलोग्राम रसगुल्ला, 45 किलोग्राम छेना, 80 किलोग्राम मिल्क केक और 12 किलोग्राम कसा हुआ नारियल शामिल है। विभागीय टीमों ने जांच के लिए 14 नमूने भी लिए।

## हमारी सरकार दिल्ली के गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- घोगा गांव में जीवन ज्योति यज्ञ आयोजित, माता-पिता के सम्मान का दिया संदेश
- माता-पिता का सम्मान और बुजुर्गों का आदर हर व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए : सुरेंद्र सोलंकी

दिल्ली देहात के घोगा गांव में रविवार को जीवन ज्योति यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माता-पिता के सम्मान, बुजुर्गों के आदर, सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज पालम 360 खाप द्वारा आयोजित पावन जीवन जग (धर्म यज्ञ-घोगा) एवं पगड़ी सम्मान समारोह में सम्मिलित हुई। पालम 360 खाप ने पीढ़ियों से सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और हमारी गौरवशाली परंपराओं को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेखा गुप्ता ने कहा कि समाज को जोड़ने और संस्कारों को जीवंत रखने के लिए कार्य करने की इसकी परंपरा सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र पर चलते हुए हमारी सरकार दिल्ली के गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में 48 गांवों को शहरी दर्जा देकर विकास की रफ्तार तेज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चांदोलिया, विधायक राज करण खत्री, पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी, दीपक भारद्वाज एवं दिनेश भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सोलंकी जनता से जुड़े जिन मुद्दों को उठाते हैं, उन पर सरकार गंभीरता से विचार करती है और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाते हैं। घोगा गांव निवासी दीपक भारद्वाज ने अपने माता-पिता के सम्मान में इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि पालम 360 खाप उत्तर भारत की प्रमुख खापों में से एक है। माता-पिता के सम्मान में इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करना अपने आप में ऐतिहासिक पहल है। पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने, युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में आपसी भाईचारा मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान और बुजुर्गों का आदर हर व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चारदीवारी तोड़फोड़ मामले में पशु कल्याण कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात



**नई दिल्ली।** अपनी जमीन पर चारदीवारी बनाने के अधिकार और पशु कल्याण कार्यकर्ता के कथित उत्पीड़न का मामला वायरल होने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मौके पर जाकर पशु कल्याण कार्यकर्ता जागृति मिश्रा से मुलाकात की और उनकी पीड़ा को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मौजूद जिलाधिकारी को सीएम राहत कोष से 5 लाख रुपए की मदद, एमसीडी उपायुक्त, डीसीपी को इस संबंध में जांच कर पीड़ित की मदद के लिए सख्त निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपायुक्त राघवेंद्र मीणा से संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगने को कहा। उन्होंने सवाल उठाया, 'क्या कोई अपनी जमीन पर चारदीवारी भी नहीं कर सकता है?' मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनता के जायज कार्यों में बाधा डालने और अधिकारों का दुरुपयोग करने के मामलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जागृति मिश्रा को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप घबराएं नहीं, सरकार आपके साथ है।

### सभी पोलिंग स्टेशनों में आयोजित हुए अंतिम विशेष शिविर, मतदाताओं ने जमा कराए जरूरी दस्तावेज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) अशोक कुमार (आईएएस) के दिशा निर्देश पर रविवार को एक बार फिर व अंतिम बार दिल्ली की सभी विधानसभा के पोलिंग बूथों पर लोगों की मदद के लिए विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। इन कैंपों में मतदाताओं ने अपने दावे व आपत्तियों संबंधित सभी जरूरी कागजात जमा कराए। जबकि नए मतदाताओं ने सूची में शामिल होने के लिए फार्म जमा किए। सीईओ कार्यालय के अनुसार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिन लोगों को अनमैपिंग या तार्किक विसंगतियों के चलते नोटिस जारी किए गए हैं। उनकी सुविधा के लिए रविवार को एक बार पुन, लेकिन फिलहाल अंतिम विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। सभी पोलिंग बूथों में लगे इन कैंपों में सैकड़ों लोगों ने नोटिस के अनुसार कमियों को दूर करने संबंधित जरूरी दस्तावेज जमा कराए। वहीं युवाओं ने नए मतदाता के रूप में अपने फार्म जमा कराए।

### एमसीडी ने मेरी दिल्ली उत्सव में लिया भाग



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित मेरी दिल्ली उत्सव-2026 के 12वें वाइब्रेंट इंडिया-2026 एवं पीएसई डेवलपमेंट एंड अचीवमेंट्स एक्सपो में भाग लिया। इस मौके पर एमसीडी के स्टॉल को शहरी स्वच्छता एवं नगर अवसंरचना में उत्कृष्टता के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जानकारी अनुसार इस प्रदर्शनी में एमसीडी के विभिन्न विभागों- जन स्वास्थ्य विभाग, संपत्ति कर विभाग, पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग (डैम्स) तथा पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग ने भाग लिया। इन विभागों ने मॉडलों, डिस्पले,सूचना पटलों तथा जागरूकता सामग्री के माध्यम से अपनी विभिन्न परियोजनाओं, डिजिटल पहलों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को दर्शकों के सामने बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया। जिसके चलते प्रदर्शनी में एमसीडी के स्टॉल पर बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। जिनमें विद्यार्थी, आम नागरिक तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि आदि शामिल थे। आगंतुकों ने निगम की विभिन्न पहलों एवं नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में रुचि दिखाई।

### मुख्यमंत्री ने गांव खेड़ा कलां में ग्रामीणों के साथ सुना मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को बाहरी दिल्ली के खेड़ा कलां स्थित निगम पार्षद कार्यालय में ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को देश के लिए प्रेरणा, सकारात्मकता और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सहज और सरल भाषा में देश के अलग-अलग हिस्सों में आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न समुदायों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को सामने लाते हैं। इससे न केवल इन प्रयासों को पहचान मिलती है, बल्कि अन्य लोगों को भी समाज और राष्ट्र के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ नागरिकों को ऐसे प्रयासों से परिचित कराते हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

### एनडीएमसी ने किया पौधरोपण, चहल ने लोगों की सुनी समस्याएं



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 25 अक्टूबर को लगातार 46वें रविवार को लोधी कॉलोनी स्थित केंद्र सरकार के कर्मचारियों के सी-3 टाइप-2 फ्लैट संख्या 224 से 209 तक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल के साथ स्थानीय निवासियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और एनडीएमसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए से राजेंद्र कोठारी, मनोज ध्यानी, नरेंद्र बिष्ट आदि स्थानीय लोगों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि लगातार 46 रविवार से चल रहा यह अभियान लोगों की बढ़ती भागीदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल करना, समय पर पानी देना और उसे सुरक्षित रखना भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी लें और उन्हें बड़े पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करें।



## खबर संक्षेप

### स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों का चयन हुआ

**फरीदाबाद।** नॉर्थ स्टार स्पोर्ट्स अकादमी के आठ खिलाड़ियों ने एरोबिक जिम्नास्टिक्स राष्ट्रीय



चैंपियनशिप के लिए चयनित होकर अकादमी का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों का चयन 19 अक्टूबर को गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के बाद हुआ। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 16 नवंबर 2026 तक जयपुर राजस्थान में किया जाएगा।

### ठगी के मामले में 42 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए एक सप्ताह



के दौरान 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में तीनों साइबर थानों की टीमों ने 17 से 23 अक्टूबर 2026 तक 11 मामलों में कार्रवाई करते हुए आरोपियों से 14,35,898 रुपये बरामद किये।

### चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद, तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीमों ने वाहन चोरी के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 3



आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे चोरी की 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस भूपानी की टीम ने थाना बीपीटीपी क्षेत्र के अंतर्गत एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में मनोज नाथ वासी टिकावली व सुमित वासी गावं बदरपुर सैयद को गिरफ्तार किया है जिनसे एक चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इसी प्रकार एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 58 बाईपास सेक्टर-8 एरिया से गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है।

इथेनॉल मिश्रण के किसानों, खाद्य कीमतों और उपभोक्ताओं पर असर का आकलन कराने की मांग

# ई20 नीति पर तहसीन पूनावाला ने उठाए सवाल, पारदर्शिता की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

टीम भारत ने ई20 नीति पेट्रोल नीति को लेकर केंद्र सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की है। संगठन के संस्थापक तहसीन पूनावाला ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से नीति के आर्थिक प्रभावों और संभावित हितों के टकराव पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। पूनावाला प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ सह-संस्थापक दिनेश टांटिया और कोर सदस्य इशान भारद्वाज भी शामिल थे। पूनावाला ने कहा कि संगठन इथेनॉल के इस्तेमाल के खिलाफ नहीं है, लेकिन ई20 नीति को लागू करने से पहले इसके लाभ, लागत और उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का स्वतंत्र आकलन होना चाहिए। उन्होंने इथेनॉल उद्योग से जुड़े कारोबारों और राजनीतिक पदाधिकारियों के संभावित हितों के टकराव की पारदर्शी जांच कराने की मांग भी की। टीम भारत ने इथेनॉल उत्पादन के खाद्य कीमतों, पानी की उपलब्धता और कृषि संसाधनों पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंता जताई।




### मांगों की कार्रवाई की समयसीमा तय की

संगठन ने चीनी, चावल, मक्का सहित अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के संदर्भ में सरकार से जवाब मांगे। महाराष्ट्र और कर्नाटक में पानी की कमी तथा गन्ना किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कृषि क्षेत्र पर नीति के प्रभाव का आकलन कराने की मांग की गई। पूनावाला ने कहा कि सरकार को ऐसे तथ्य सार्वजनिक करने चाहिए, जिनसे ई20 नीति के आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के साथ इसकी लागत का भी आकलन हो सके। संगठन ने इथेनॉल उत्पादन में पानी की खपत और उपभोक्ताओं पर संभावित आर्थिक बोझ से जुड़े सवालों पर भी स्पष्टता मांगी। टीम भारत ने 31 दिसंबर 2026 तक अपनी मांगों पर कार्रवाई की समयसीमा तय की है। संगठन के मुताबिक, मांगें पूरी नहीं होने पर जनवरी 2027 से प्रदर्शन किया जाएगा और संसद सत्र के दौरान संसद के बाहर धरना दिया जाएगा।

पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी भी रहीं साथ

# सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने किया सूरजकुंड दिवाली मेले का भ्रमण, कला-संस्कृति की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने रविवार को हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी मेला की थीम पर आधारित तृतीय सूरजकुंड दिवाली मेले का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी भी मौजूद रहीं। दोनों ने मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों, हस्तशिल्प उत्पादों और पारंपरिक कलाकृतियों का अवलोकन किया। मेले में भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और स्वदेशी उत्पादों की विविधता देखने को मिली। मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सूरजकुंड मेला में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए शिल्पकार अपने पारंपरिक उत्पादों के माध्यम से अपनी कला और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर रहे हैं। हस्तनिर्मित वस्तुओं, पारंपरिक परिधानों, सजावटी सामान और क्षेत्रीय उत्पादों के जरिए आगंतुकों को भारत की विविध सांस्कृतिक पहचान से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पर्यटन, संस्कृति और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। सूरजकुंड जैसे आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ शिल्पकारों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराते हैं। हरियाणा के पर्यटन एवं विरासत मंत्री अरविंद शर्मा भी प्रदेश के पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।



### नवीन पुनिया के हरियाणवी गीतों पर झूमे दर्शक

**फरीदाबाद।** लोकगीतों और सुरीली आवाज से गायक ने बांधा समां, दर्शकों ने तालियां बजाकर किया उत्साहवर्धन फरीदाबाद। हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी मेला की थीम पर आधारित तृतीय सूरजकुंड दिवाली मेले में रविवार दोपहर हरियाणवी गायक नवीन पुनिया ने अपनी गायकी से मंच पर समां बांध दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। हरियाणवी संगीत की मिठास और दमदार प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। जैसे ही गायक ने अपने चर्चित गीतों की प्रस्तुति शुरू की, दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मेले का माहौल संगीत और मनोरंजन से सराबोर रहा। वहीं डॉ सीपी यादव ने अपने मेजिक शो से सभी दर्शकों को अचरज में डालने का काम किया।

**सूरजकुंड दिवाली मेले में जमा रंग**

हरियाणवी गायक नवीन पुनिया ने अपनी प्रस्तुति में हरियाणवी संगीत के साथ रोमांटिक गीतों का भी रंग जमाया। उन्होंने ओ रे मानस घणे गजब के, मुझे इश्क तेरा तड़पावे, तेरी आंख्यां का ये काजल और मने पल.पल याद तेरी तड़पावे जैसे लोकप्रिय गीतों से दर्शकों का मनोरंजन किया। उनकी गायकी पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं और संगीत की धुनों पर आनंद लिया। कलाकार की प्रस्तुति ने हरियाणवी लोकसंगीत के प्रति लोगों के उत्साह को भी प्रदर्शित किया।

### सूरजकुंड दिवाली मेले में आकर्षण का केंद्र बनीं भगवान की सुंदर एवं कलात्मक मूर्तियां

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड परिसर में आयोजित तृतीय सूरजकुंड दिवाली मेला.2026 में विभिन्न डिजाइनों और आकर्षक आकारों में तैयार की गई भगवान की मूर्तियां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में भगवान गणेश, राधा.कृष्ण, राम परिवार, शिवजी तथा महात्मा बुद्ध सहित विभिन्न महापुरुषों और देवी-देवताओं की कलात्मक मूर्तियां लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। पर्यटक इन मूर्तियों की खरीदारी कर रहे हैं और शिल्पकारों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना कर रहे हैं। मेले में प्रदर्शित मूर्तियां अपनी सुंदर बनावट, बारीक कारीगरी और आकर्षक डिजाइन के कारण विशेष पहचान बना रही हैं। दिवाली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए लोग अपने घरों और पूजा स्थलों की सजावट के लिए भगवान गणेश सहित अन्य देवी.देवताओं की मूर्तियां खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। वहीं, राधा-कृष्ण, राम परिवार, शिवजी और महात्मा बुद्ध की मूर्तियां भी अपनी कलात्मक विशेषताओं के चलते पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। मूर्तियों को तैयार करने वाले कारीगरों के अनुसार इन कलाकृतियों को आकार देने और अंतिम रूप प्रदान करने में काफी बारीकी, समय और मेहनत की आवश्यकता होती है। मूर्तियों की बनावट, चेहरे के भाव, वस्त्रों की सज्जा और अन्य सूक्ष्म विवरणों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिल्पकार अपनी कला और अनुभव के माध्यम से प्रत्येक मूर्ति को आकर्षक स्वरूप प्रदान करते हैं।

■ भगवान गणेश, राधा-कृष्ण, राम परिवार,

डिजिटल डिटॉक्स रही थीम, प्रतियोगिता में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क

# स्क्रीन से दूर रंगों में डूबे हजारों बच्चे, शंकर्स पेंटिंग प्रतियोगिता में दिखी रचनात्मकता




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन से दूर रहकर रविवार को हजारों बच्चों ने रंगों के जरिए अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारा। चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट (सीबीटी) की ओर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 62वीं शंकर्स ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में 5 से 17 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम 'डिजिटल डिटॉक्स' रखी गई, जिसमें बच्चों ने ब्रश, क्रेयॉन और जलरंगों से अपनी रचनात्मकता दिखाई।

प्रतियोगिता में 5 से 8, 9 से 12 और 13 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए तीन आयु वर्ग बनाए गए थे। विषय की घोषणा मौके पर ही की गई, ताकि बच्चे बिना पूर्व तैयारी के अपनी कल्पना के अनुसार चित्र बना सकें।

प्रतियोगिता क्षेत्र में केवल बच्चों को प्रवेश दिया गया, जबकि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए बाहर प्रतीक्षा की व्यवस्था रही। इसमें भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क रखी गई।

### बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली परंपरा बताई

नवीन मेनन ने कहा कि बच्चों को घंटों चित्रकारी में व्यस्त देखना डिजिटल डिटॉक्स के महत्व को दर्शाता है। सीबीटी के परिषद समन्वयक राजीव खेड़ा ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य हर बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है। सीबीटी के ट्रस्टी रॉबिंदर सचदेव ने भी इस आयोजन को बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली परंपरा बताया। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1952 में प्रख्यात कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लै की पहल पर हुई थी। उन्होंने 1957 में चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट की स्थापना की। लंबे अंतराल के बाद 2022 में प्रतियोगिता दोबारा शुरू हुई। जनवरी 2026 में आयोजित 61वें संस्करण में 152 बच्चों को पदक, जिनमें तीन स्वर्ण और 149 रजत पदक शामिल थे, जबकि 320 बच्चों को मेरिट प्रमाणपत्र दिए गए। इस बार भी विभिन्न आयु वर्गों की उत्कृष्ट प्रविष्टियों को शंकर्स मेमोरियल गोल्ड मेडल, चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट गोल्ड मेडल और चिल्ड्रन्स वर्ल्ड गोल्ड मेडल के साथ रजत पदक व मेरिट प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

जनगणना के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी-नगर आयुक्त

# जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के लिए ननि अधिकारियों की कार्यवाही तेज, 3577 प्रगणकों को दी जा रही है ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जनगणना 2027 को लेकर नगर निगम अधिकारियों की कार्यवाही तेज हो गई है, जिसके क्रम में निगम सीमा अंतर्गत पांचो जोन में प्रशिक्षण केंद्र भी बनाए गए हैं।

मोहन नगर जोन में साहिबाबाद नगर निगम स्कूल को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है, वसुंधरा जोन अंतर्गत मकनपुर नगर निगम स्कूल को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है, सिटी जोन के लिए नगर निगम के एम बी गर्ल्स स्कूल को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। विजयनगर जोन में प्रशिक्षण लीलावती स्कूल में कराया जा रहा है कवि नगर जोन में नगर निगम महरौली स्कूल में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि



लगभग 3577 प्रगणकों को तथा 560 सुपरवाइजर को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारी गण कर रहे हैं, नगर जनगणना अधिकारी अपर नगर आयुक्त रेनू सिंह द्वारा सभी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण भी किया गया, समस्त जोन के जोनल प्रभारी को चार्ज अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को वसुंधरा और मोहन नगर जोन का नोडल बनाया गया है तथा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को कवि नगर, विजय नगर और सिटी जोन का नोडल बनाया गया । अपर नगर आयुक्त रेनू सिंह ने बताया जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्य चल रहे हैं।

युवा समाज में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं

# लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी जरूरीः सर्वप्रिय त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी, नागरिकों में जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान जरूरी है। युवाओं को राष्ट्रहित, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा के लिए आगे आकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देना चाहिए।

सर्वप्रिय त्यागी ने रविवार को फर्रुखनगर के रामनगर स्थित अंबेडकर पार्क, बाहरी बस्ती के बूथ संख्या 193 पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 139वां संस्करण सुना। इसके बाद रामनगर



मंडल में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' संवाद कार्यक्रम में युवाओं और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सकारात्मक सोच, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ युवा समाज में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के लिए जिम्मेदार नागरिक बनना और सामाजिक सद्भाव बनाए रखना आवश्यक है।

डिम्पल व जिलाध्यक्ष ने बताया भाजपा को साजिश

# समाजवादी पार्टी के साइकिल वितरण कार्यक्रम साथ पर पालिका का चला बुलडोजर, सपा में उबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लोनी लोनी के घड़ी कटिया गांव में समाजवादी पार्टी के छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम को पुलिस में नगर पालिका ने सफल कर दिया इसके बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं में उबाल है। समाजवादी पार्टी के सांसद डिंपल यादव से लेकर जिला अध्यक्ष तक में इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहते कि महिलाएं आगे बढ़े इसलिए उन्होंने इस कार्यक्रम को विफल किया है यह एक तरह से शिक्षा पर सीधे-सीधे हमला है।

उधर समाजवादी पार्टी के नेता अनुज प्रधान ने छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए निशुल्क साइकिल वितरित करने की घोषणा



की थी। कार्यक्रम रविवार को होना था उनका कहना है कि आसपास के गांव की छात्राएं स्कूलों में पैदल जाती जाते हैं। इस कारण उन्हें परेशानी होती है छात्रों की इस परेशानी के मद्दे नजर ही उन्होंने मुफ्त में साइकिल वितरित करने का कार्यक्रम बनाया। आरोप लगाया कि शनिवार की शाम को पुलिस ने उन्हें बुला लिया और करीब 6 घंटे तक बैठे रखा इस दौरान नगर पालिका की टीम ने वहां पहुंचकर समारोह स्थल पर बने मंच को तोड़ दिया और बुलडोजर चला दिया। इतना ही नहीं नगर पालिका ने उन्हें देख रहा था करीब 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया नगर पालिका में पुलिस की कार्यवाही की जानकारी जैसी समाजवादी पार्टी हाई कमान को पहुंची वह भी एक्टिव हो गया। सांसद डिंपल यादव ने एक पर लिखा कि यह यह कार्यक्रम बेटियों के सपनो को नई उड़ान देंने के लिए आयोजित किया जा रहा था, लेकिन भाजपा ने राजनीति के चलते इस पर बुल्डोजकर चला दिया। जो बेहद शर्मनाक है।

दूसरे और सामाजिक पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा है कि यह मामला बेहद गंभीर है समाजवादी पार्टी शिक्षा को बढ़ाने के जो सोच रखती है भारतीय जनता पार्टी उससे बेहद परेशान हो चुकी है।

### टैक्सी ड्राइवर की गला घोंटकर हत्या, दो घंटे के भीतर आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** सेक्टर-77 की मेन रोड पर टैक्सी में मृत मिले ड्राइवर की हत्या के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज होने के महज 2 घंटे के भीतर आरोपी को काबू कर लिया। क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने आरोपी कुंदन निवासी चांदपुर को राउंड अप किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में टैक्सी के परमिट के लिए लगने वाले पैसों को लेकर विवाद में हत्या की वजह सामने आई है। पुलिस के अनुसार आज रविवार 25 अक्टूबर की सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-77 की मेन रोड पर खड़ी एक टैक्सी में ड्राइवर सीट पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना बीपीटीपी, एफएसएल और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंचीं। मृतक की पहचान प्रकाश केएलजे सोसायटी सेक्टर-77 के रूप में होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के छोटे भाई निर्मल की शिकायत पर थाना बीपीटीपी में हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

पारिवारिक मिलन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया

# भारत विकास परिषद द्वारा दीपोत्सव पारिवारिक मिलन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत विकास परिषद, जिला फरीदाबाद द्वारा दीपोत्सव पारिवारिक मिलन एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य परिवारों के बीच आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, खेल मंत्री गौरव गौतम, विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधायक सतीश फागना, अमन गोयल, अजय गौड़, नवीन शर्मा, जय प्रकाश गुप्ता, आर.जी अग्रवाल, अध्यक्ष फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, राजकुमार अग्रवाल चेयरमैन डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र, अमित जैन शामिल



हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषि अग्रवाल अध्यक्ष भाविप हरियाणा दक्षिण प्रांत करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं इंडियन आइडल फाइनलिस्ट अंकिता मिश्रा के द्वारा आयोजित डांडिया धमाल सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में पारिवारिक मिलन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरानी दिल्ली के चाट व्यंजनों का भी विशेष आकर्षण रहा। परिषद ने सभी सदस्यों एवं उनके परिवारों को पारंपरिक भारतीय परिधान में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया।

*सभी स्टॉल संचालकों को शुभकामनाएं दीं*

# सैनिक कॉलोनी पार्क में दीवाली मेले का शुभारंभ विजय प्रताप ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद के सैनिक कॉलोनी पार्क में आज दीवाली मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय प्रताप ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और स्टॉल संचालकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने हस्तशिल्प उत्पादों, हैंडमेड ज्वेलरी, सजावटी मोमबत्तियां, फूलों के आकार के दीये, पीतल की मूर्तियां, पैकेज्ड मिठाइयां व नमकीन, कपड़े और घरेलू सजावट के सामान का अवलोकन किया। स्टॉलों पर मुख्य रूप से महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए गए। एक स्टॉल पर 99 से शुरू होने वाले हैंडमेड बेडशीट, टेबल रनर, एम्ब्रॉयडरी मैट और हैंडबैग भी आकर्षण का केंद्र रहे। विजय प्रताप ने मेले के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मेले स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यापारियों को एक मंच प्रदान करते हैं और दीवाली जैसे त्योहार पर स्वदेशी व हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी स्टॉल संचालकों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका पर उठाए सवाल

# रागिनी नायक ने किया 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान में शामिल होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने रविवार को वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका पर सवाल उठाये। प्रेम वार्ता में कांग्रेसी आपस मे भिड़ गए।

हालांकि बाद में मामला वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद शांत हो गया। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में 'नायक ने वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान की जानकारी दी। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस विपक्षी दलों के साथ मिलकर देशव्यापी जनजागरूकता अभियान चला रही है। तहत कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करेंगे। निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए। रागिनी नायक ने कहा कि अभियान के तहत एक से 25 तारीख तक गांवों में चौपाल और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर मताधिकार की रक्षा का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने 25 और 26 नवंबर को दिल्ली पहुंचने के लिए 'दिल्ली चलो' अभियान का भी उल्लेख किया।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से मां-बेटे समेत तीन की मौत

**महोबा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई।




हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमीरपुर जनपद के मौदहा थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी विमला (45) अपनी बहन कमला (40), निवासी वंशिया थाना चंदला, मध्य प्रदेश के साथ मायके खरेला थाना क्षेत्र के बरायं गांव आई थीं।

### 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल टली

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के साथ छह मांगों पर सकारात्मक सहमति बनने के बाद झारखंड में 108




एंबुलेंस कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल फिलहाल टल गई है। मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ हुई उच्चस्तरीय वार्ता के बाद झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने छठ पूजा तक अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। श्रम सुविधाओं को लेकर बनी इस सहमति से राज्य में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रहेंगी।

### मिड डे मील योजना पर सरकार सख्त, मांगा जवाब

**पटना।** बिहार में मिड डे मील योजना के संचालन में लापरवाही बरतने पर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। ई-शिक्षा कोष पोर्टल के आंकड़ों की समीक्षा के



बाद 30 जिलों के डीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। कई जिलों के 85% या उससे कम स्कूलों में ही भोजन वितरण पाया गया। शिक्षा विभाग के निदेशक विनायक मिश्रा ने दो दिनों के भीतर जवाब देने और सभी स्कूलों में योजना का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया है। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## सरयू तट के 56 घाटों पर जगमगाएंगे 30 लाख दीपक

# अयोध्या: दीपोत्सव में जलेंगे 30 लाख दीप, बनेगा दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड, जगमग होगी रामनगरी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

दीप जलाने के विश्व कीर्तिमान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब रामनगरी एक नया इतिहास रचने की तैयारी में है। उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर को 33.27 लाख दीप प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अब अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान 30 लाख दीप जलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य पूरा होने पर अयोध्या एक साथ सर्वाधिक दीप प्रज्वलित करने में विश्व में दूसरे स्थान पर आ जाएगा।

*रामनगरी अयोध्या में 7 नवंबर को बनेगा विश्व रिकार्ड*

*अयोध्या ने उज्जैन के 1.51 लाख दीप जलाने के रिकार्ड को तोड़ा*



### 33 लाख दीप मंगाए जा रहे हैं

रामनगरी में दीपोत्सव में सात नवंबर को सरयू तट के 56 घाटों पर 30 लाख दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 33 लाख दीप मंगाए जा रहे हैं। अयोध्या में दीपोत्सव की शुरुआत वर्ष 2017 में 1,87,213 दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई थी। पहले ही साल अयोध्या ने उज्जैन के 1.51 लाख दीप जलाने के रिकॉर्ड को तोड़ा था। दीपोत्सव में 2018 में 3,01,152, 2019 में 4,04,026 और 2020 में 6,06,569 दीप जलाए गए। वर्ष 2021 में 9,41,551 दीप प्रज्वलित कर अयोध्या ने नया कीर्तिमान बनाया। इसके बाद उज्जैन ने वर्ष 2022 में महाशिवरात्रि पर शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम के तहत 11,71,078 दीप जलाकर अयोध्या का रिकॉर्ड तोड़ा। उसी वर्ष अयोध्या ने 15,76,955 दीप प्रज्वलित कर फिर नया रिकॉर्ड बनाया।

**00000000000**

वर्ष 2023 में उज्जैन में 18,82,229 दीप जलाए गए, लेकिन अयोध्या ने उसी वर्ष 22,23,000 दीप प्रज्वलित कर यह रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। वर्ष 2024 में उज्जैन में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण आयोजन सीमित रहा और करीब 5.51 लाख दीप जलाए गए। वहीं, अयोध्या में 25,12,000 से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। वर्ष 2025 में रामनगरी के 56 घाटों पर 26,17,215 दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

## वाल्मीकि आश्रम जाएंगे मुख्यमंत्री, आदिकवि को आज अर्पित करेंगे श्रद्धा-सुमन

# बिठूर-बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र को 411 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात देंगे सीएम योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

- महर्षि वाल्मीकि की धरोहरों को संवार रही योगी सरकार, चित्रकूट, अयोध्या और इटावा में करोड़ों रुपए की परियोजनाओं से धार्मिक स्थलों का विकास

*विरासत संरक्षण से धार्मिक पर्यटन को विस्तार, रामायण सर्किट और राम वन-गमन पथ*

*रामायण के रचयिता की तपोभूमि को मिल रहा नया स्वरूप, आगंतुकों को मिलेंगी*

*रामायण की धरती पर आदिकवि की विरासत को सहेज रही योगी सरकार: जयवीर सिंह*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को बिठूर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां वाल्मीकि आश्रम में रामायण पाठ व पूजा में शामिल होंगे और महर्षि वाल्मीकि को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे।

मान्यता है कि इसी आश्रम में महाकाव्य रामायण की रचना हुई और माता सीता को आश्रय मिला था। यहीं भगवान श्रीराम के पुत्रों लव-कुश का जन्म हुआ। मुख्यमंत्री इस अवसर पर बिल्हौर व बिठूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को 411 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। योगी सरकार महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की विरासत को संरक्षित करने और त्रेता युगीन परंपरा को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ उनसे जुड़े पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।



### वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर जोर दिया

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रामायण से जुड़े अनेक धार्मिक स्थल हैं। प्रदेश सरकार 'रामायण सर्किट' और 'राम वन गमन पथ' के माध्यम से इन स्थलों के संरक्षण, विकास और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। चित्रकूट इसका जीता-जागता उदाहरण है। वाल्मीकि समुदाय उनकी जयंती को प्रकट दिवस के रूप में मनाता है।

### आज मनाई जाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती

इसी क्रम में रामायण सर्किट और राम वन-गमन पथ के तहत अयोध्या, चित्रकूट व इटावा आदि में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। पर्यटन विभाग का महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के कायाकल्प और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं जुटाने पर जोर है। योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि की विरासत सहेजने के साथ सांस्कृतिक पर्यटन को भी विस्तार दे रही है। योगी सरकार 26 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती भी मनाएगी।

स्वच्छ वायु के लिए किसानों की मुहिम बनेगी राष्ट्रीय पहल
लखनऊ स्मार्ट सिटी कार्यालय में जुटे विशेषज्ञ

# पराली जलाने की घटनाओं में 67% कमी, चिंतन संस्था ने देशभर में लागू करने पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में पराली जलाने की घटनाओं में 67 प्रतिशत की कमी के अनुभव को देशभर में लागू करने पर जोर दिया गया। चिंतन संस्था की संस्थापक निदेशक भारती चतुर्वेदी और कोऑर्डिनेटर डॉ. भाव्या सिंह की पहल पर लखनऊ स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में स्वच्छ वायु और पराली प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान शाहजहांपुर के किसानों की मुहिम को अन्य राज्यों तक पहुंचाने और इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की आवश्यकता रेखांकित की गई।

कार्यक्रम में फाउंडिंग एडिटर ऑन एयर निधि जामवाल, स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अधिकारी तथा पर्यावरण से जुड़े कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। चर्चा का मुख्य उद्देश्य पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभावी उपायों को बढ़ावा देना और किसानों के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना रहा। पराली जलाने से निकलने वाला धुआं वायु गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इसका असर आम लोगों के स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ सकता है। ऐसे में फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन और वैकल्पिक तरीकों को अपनाना जरूरी है। चिंतन संस्था की इस पहल के तहत शाहजहांपुर में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी के अनुभव से सीख लेकर दूसरे कृषि प्रधान क्षेत्रों में भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। क

िसानों को जागरूक करने, स्थानीय प्रशासन की भागीदारी बढ़ाने और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने की जरूरत पर ध्यान केंद्रित किया गया। चिंतन संस्था की इस पहल से स्वच्छ हवा के लिए किसान समुदाय, स्थानीय निकायों, विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों के बीच सहयोग बढ़ाने का संदेश दिया गया। शाहजहांपुर के अनुभव को अन्य क्षेत्रों में अपनाने से पराली प्रबंधन के प्रयासों को व्यापक बनाने की संभावनाओं पर जोर दिया गया।

## पेज एक का शेष

### काशी के आसमान...

के ऊपर विमानों के हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीन दिवसीय एयर शो की शुरुआत गुरुवार को हुई थी।

### कैलाश और विश्वनाथ ...

'डॉल्फिन लीप' और 'सारंग स्प्लिट' जैसे आकर्षक करतबों से दर्शकों को रोमांचित किया। सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने भी अपने हवाई कौशल और विमानों के बीच सटीक तालमेल का प्रदर्शन किया।

### खरगे ने पीएम ...

लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। खरगे ने कहा कि जब तक देश में आरएसएस की विचारधारा खत्म नहीं होगी, तब तक शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जमींदारी प्रथा समाप्त करने और छुआछूत के खिलाफ अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए विपक्षी मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं और चुनाव आयोग तथा केंद्र सरकार के बीच साठगांठ है।

### 1 नवंबर को ...

की अपील की। उन्होंने लिखा कि वोट जनता का अधिकार है और इसकी रक्षा की लड़ाई भी जनता को ही लड़नी होगी। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, नौजवानों और व्यापारियों सहित लोकतंत्र की चिंता करने वाले सभी वर्गों से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचने का आग्रह किया।

**चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर विपक्ष का निशाना:** विपक्षी दलों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस तथा इंडीया गठबंधन इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है। इससे पहले भी विपक्षी सांसद चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकाल चुके हैं। विपक्षी दलों की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई है। वहीं, चुनाव आयोग ने अपनी प्रक्रियाओं और आदेशों को कानूनी प्रावधानों के अनुरूप बताया है।

**1 नवंबर को रामलीला मैदान में जुटेंगे विपक्षी कार्यकर्ता:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 1 नवंबर की महारैली की घोषणा की थी। पार्टी इस कार्यक्रम को कथित वोट चोरी के खिलाफ अपने व्यापक अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा मान रही है। दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में इंडिया गठबंधन के नेताओं और विभिन्न राज्यों से आने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की योजना है। दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान में 1 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कांग्रेस को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) दिए जाने की जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, आयोजन को लेकर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और अन्य संबंधित व्यवस्थाओं के लिए आयोजकों तथा संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

**रैली की तारीख पर भी राजनीतिक विवाद:** 1 नवंबर को प्रस्तावित महारैली की तारीख को लेकर भी राजनीतिक विवाद सामने आया है। भाजपा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के संदर्भ में इस तारीख पर कार्यक्रम आयोजित करने पर आपत्ति जताई है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के फैसले की आलोचना करते हुए तारीख बदलने की मांग की है। कांग्रेस ने अपने कार्यक्रम का बचाव किया है और रैली को कथित चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ अभियान का हिस्सा बताया है। इस बीच, दिल्ली के कुछ कारोबारी संगठनों ने भी त्योहारों के मौसम में प्रस्तावित प्रदर्शन से व्यापार और यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई है। इस तरह रैली को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के साथ-साथ तारीख और स्थानीय व्यवस्थाओं पर भी बहस शुरू हो गई है।

**लोकतंत्र और मताधिकार पर केंद्रित होगा अभियान:** राहुल गांधी के 'चलो दिल्ली' आह्वान से स्पष्ट है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन मतदाता सूची तथा चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय राजनीतिक बहस के केंद्र में लाने की कोशिश कर रहे हैं। 1 नवंबर की महारैली में विपक्ष की ओर से चुनाव आयोग की जवाबदेही, मतदाता सूची में पारदर्शिता और मताधिकार की सुरक्षा जैसे मुद्दे उठाए जाने की संभावना है। राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहा कि वोट जनता का है और उसकी रक्षा की लड़ाई भी जनता की है। अब इस प्रस्तावित महारैली पर राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम लोगों की नजरें भी रहेंगी।

### भाजपा पर तंज...

कहा कि अगले सात दिनों तक भी वे इसी उत्साह और लगन को बनाए रखें। राहुल गांधी की इस टिप्पणी को प्रस्तावित महारैली को लेकर भाजपा की ओर से की जा रही आलोचना के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस इस कार्यक्रम के जरिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और चुनाव आयोग की भूमिका से जुड़े सवालों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है।

### एसआईआर और...

निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के कांग्रेस के आरोपों और प्रभावित मतदाताओं की संख्या को लेकर चुनाव आयोग का पक्ष भी महत्वपूर्ण है। आयोग ने पूर्व में स्पष्ट किया है कि एसआईआर के प्रारूप चरण में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को चिह्नित किया जाना अपने आप में अंतिम मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के समान नहीं है। इसलिए इस मुद्दे पर अंतिम आंकड़ों, संबंधित मतदाता सूची और आयोग के आधिकारिक स्पष्टीकरण के आधार पर स्थिति का आकलन किया जाना आवश्यक है।

### मणिपुर हिंसा : कांग्रेस...

प्रभावित परिवारों की सुरक्षित घर वापसी और पुनर्वास के सवाल अब भी अनसुलझे हैं।

**हर समुदाय को मिले सुरक्षा और न्याय:** कांग्रेस ने मैतेई, कुकी, नागा और अन्य समुदायों के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी हमले के जिम्मेदार व्यक्ति या सशस्त्र समूह को राजनीतिक संरक्षण नहीं देने की मांग की। पार्टी ने केंद्र सरकार से सभी समुदायों को विश्वास में लेकर समावेशी शांति प्रक्रिया शुरू करने और विस्थापित परिवारों की सुरक्षित वापसी के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा, शोक जताना शासन नहीं है और हत्या के बाद सुरक्षा बलों की तैनाती रोकथाम नहीं है। पार्टी के मुताबिक, मणिपुर में शांति बहाली के लिए जवाबदेही, न्याय और प्रभावी सरकारी कार्रवाई आवश्यक है।

### हालिया हिंसा पर...

तथा सीमावर्ती गांवों में आगजनी की घटनाओं पर भी चिंता जताई। पार्टी ने कहा कि कुकी-नागा और कुकी-जो-मैतेई समुदायों के बीच बढ़ते तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है।

### कांग्रेस की प्रमुख ...

2025 में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के बावजूद स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकी है। उन्होंने मौजूदा मुख्यमंत्री से कानून-व्यवस्था की विफलता की राजनीतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

### दिग्विजय सिंह बोले-...

शाजापुर के मां राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और अपनी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' की शुरुआत की। मंदिर परिसर में ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में वंदे मातरम और राष्ट्रगान भी हुआ। पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे। यात्रा के दौरान सिंह ने हाथ में संविधान लेकर 'जय श्रीराम' और 'बम भोले' के नारे भी लगाए। मां राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू हुई यात्रा अभयपुर पहुंची और इसके बाद पनवाड़ी होते हुए राजगढ़ जिले के सारंगपुर में प्रवेश करेगी।

### शिवानी की एक ...

निर्णय लिया, जो हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। यह फैसला था- शिवानी जी के अंग दान का। शिवानी जी के परिवार के इस फैसले से समाज और देश के लिए एक बड़ा संदेश गया है। मानवता के ऐसे एक कदम से किसी परिवार मे खुशियां फिर से लौट सकती हैं और साथ ही रिसर्च के कामों मे भी बड़ी मदद मिलती हैं।

### अब ब्रेन की ...

कोई ठोस इलाज नहीं है। इसलिए विज्ञान ब्रेन की फंक्शनिंग को बारीकी से समझना जरूरी है।

## भूपेश बघेल समेत कांग्रेस नेताओं ने

# प्रयागराज में कांग्रेस का 'वोट बचाओ, देश बचाओ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रयागराज/लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से रविवार को प्रयागराज के अलोपीबाग स्थित सरदार पटेल संस्थान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' एवं सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में वोट के अधिकार को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए भाजपा और आरएसएस पर वोट चोरी के आरोप लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पिछड़ों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में जवाब देने की अपील की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही और एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने का आह्वान किया। ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिन्द ने जातिगत गणना, आबादी के अनुपात में आरक्षण और संसाधनों में हिस्सेदारी की मांग उठाई।

सिंह ने जेडीयू के 12 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी की

# जेडीयू से निकाले गए अनंत सिंह बनाएंगे पार्टी

> मोकामा विधायक अनंत सिंह ने जेडीयू से 6 साल के लिए निष्कासित किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है

एजेंस ▶▶ पटना

जेडीयू से छह साल के लिए निष्कासित किए जाने के बाद मोकामा विधायक अनंत सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई गलती नहीं की है और उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है। अनंत सिंह ने दावा किया कि आने वाले चुनाव में जेडीयू 12 सीटों पर सिमट जाएगी और पार्टी का खाता तक नहीं खुलेगा। हालांकि, उन्होंने नीतीश कुमार के प्रति अपना सम्मान बरकरार रखने की बात कही। अनंत सिंह ने कहा कि पार्टी उनकी है और वह इस फैसले पर कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा, अगर वो उचित काम किए हैं और गलत पर पार्टी निकालती है, तो इस पर हमें कुछ नहीं बोलना है। उन्होंने आगे कहा कि वह कहीं भी रहेंगे, लेकिन नीतीश कुमार के प्रति उनका सम्मान हमेशा बना रहेगा। निशांत कुमार को लेकर भी उन्होंने कहा कि वह कुछ नहीं बोलेंगे। पार्टी ने निष्कासन का फैसला लिया है, तो ठीक है। 18 साल तक बोलता रहा, तब पार्टी चुप थी अनंत सिंह ने अपने निष्कासन के लिए जिम्मेदार लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने कोई गलती नहीं की, बल्कि गलती दूसरी तरफ से हुई है।

**डीआरएम गौरव अग्रवाल ने की अध्यक्षता, बोले—एक महीने चलता आयोजन तो बच्चों की प्रतिभा का और आनंद मिलता**

महोत्सव ने बच्चों को अपनी क्षमताएं नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान किया

# ऐशबाग मनोरंजन क्लब में संपन्न हुआ कब-बुलबुल बाल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे के ऐशबाग मनोरंजन क्लब में रविवार रात पांच दिवसीय कब-बुलबुल बाल महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता डीआरएम गौरव अग्रवाल ने की।

इस अवसर पर मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रुति गुप्ता सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे। पांच दिनों तक चले महोत्सव में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों के उत्साह और सहभागिता ने सभी का मन मोह लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए डीआरएम गौरव अग्रवाल ने कहा कि पांच दिनों में बच्चों की प्रतिभाओं का पूरा आनंद नहीं उठाया जा सका। उनकी इच्छा थी कि यह कार्यक्रम एक महीने तक चलता, ताकि बच्चों की प्रतिभा और उनकी विभिन्न गतिविधियों को देखने का अधिक अवसर मिलता। महोत्सव ने बच्चों को अपनी क्षमताएं



प्रदर्शित करने और नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मंडल रेल प्रबंधक भुवनेश सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक नीतू, जिला आयुक्त स्काउट विजय आनंद वर्मा, जिला आयुक्त गाइड डॉ. रंजन पाटनी तथा राष्ट्रीय मुख्यालय से पधारी डिप्टी डायरेक्टर, गाइड प्रोग्राम सुरेखा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।



# किंग में शाहरुख के खूंखार लुक ने मचाया तहलका

**मुंबई।** शाहरुख खान की धमाकेदार वापसी होने वाली है। 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली उनकी एक्शन फिल्म 'किंग' के 17 सेकंड के नए टीजर में वे काफी रफ और खूंखार लुक में नजर आ रहे हैं। 'किंग' के नए वीडियो में शाहरुख खान के बाल सफेद-काले हैं, होंठ से खून बह रहा है और उन्होंने अपने दांतों के बीच 'किंग ऑफ स्पेड्स' यानी हुकुम का इक्का कार्ड दबा रखा है। काउंटडाउन वीडियो के आखिर में लिखा आता है- 'पिक्चर अभी बाकी है!' जो उनकी फिल्म 'ओम शांति ओम' के उस यादगार डायलॉग की याद दिलाता है। 'किंग' के नए काउंटडाउन वीडियो में आपको शाहरुख खान का खूंखार लुक देखने को मिलेगा।

## लाइफ Style

# अदिति

## अदाकारी के साथ ग्लैमर्स का बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म गजब रात को रिलीज किया गया। क्राइम थ्रिलर के तौर पर गजब रात की सिनेमाई गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।

ठीक उसी तरह से इस ओटीटी मूवी में महिला पत्रकार आर्या साहनी का किरदार निभाने वाली अदाकारा का नाम भी लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। फिल्म गजब राज को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। साथ ही जिस तरह से इस मूवी में आर्या साहनी का किरदार अभिनेत्री अदिति संध्या शर्मा ने निभाया है, उसकी भी प्रशंसा हर कोई कर रहा है। अदिति ने अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ ग्लैमर्स का जलवा भी बखूबी बिखेरा है।गजब रात में अदिति महिला पत्रकार आर्या साहनी के मजबूत कैरेक्टर में नजर आई हैं और इस ओटीटी मूवी की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। आपको बता दें कि अदिति रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वालीं और फिल्मी दुनिया में कदम रखने से वह मिसे छत्तीसगढ़ का ब्यूटी कॉन्सेस्ट अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म गजब रात से पहले वह अभिनेता शाहिद कपूर की क्राइम थ्रिलर देवा में अहम किरदार निभाते हुई नजर आई हैं। इसके अलावा सुपरस्टार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर में भी अदिति मौजूद रहीं। इतना ही नहीं वह रणबीर सिंह के साथ एक टीवी ऐड में दिखाई दे चुकी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# स्विफ्ट-केल्सी के तलाक पर ली चुटकी

**नई दिल्ली।** एक लाइक ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट के पति ट्रैविस केल्सी ने 'सैटरडे नाइट लाइव' शो में शेन गिलिस के उस मोनोलॉग की क्लिप को लाइक किया है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के जिम में पहनावे को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस वायरल क्लिप के बाद शेन गिलिस को काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। अब हाल ही 'बारस्टूल स्पोर्ट्स' ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंगर टेलर स्विफ्ट पर निशाना साधते हुए ट्रैविस केल्सी के साथ उनके तलाक को लेकर मजाक उड़ाया।



# डेनियल की जगह लेने की रेस में शामिल दो सितारे

नई दिल्ली। 15 साल के लंबे सफर में डेनियल क्रेग ने लगभग 5 फिल्मों में जेम्स बॉन्ड का किरदार अदा किया। हॉलीवुड अभिनेता को इस भूमिका में इतना प्यार मिला कि जब डेनियल ने 'नो टाइम टू डाई' के बाद जेम्स बॉन्ड को अलविदा कहा तो फैंस का दिल टूट गया। जेम्स बॉन्ड के आइकॉनिक किरदार के लिए अमेजन एमजीएम स्टूडियो एक लंबे समय से नए चेहरे की तलाश कर रहा था। दुनिया के मोस्ट फेमस जासूस जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए कई बड़े हॉलीवुड एक्टर्स में होड़ है। रिपोर्ट्स की मानें तो रॉम-कॉम 'वन नाइट ओनली' में नजर आए 'कैलम टर्नर' और 'स्लो हॉर्सेस' के अभिनेता 'जैक लोडेन' जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जिनका इस किरदार के लिए स्क्रीन टेस्ट हो रहा है। ये स्क्रीन टेस्ट लंदन में इस वीकेंड पर हो रहा है।



# 'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी राशि

**मुंबई।** साउथ की चर्चित अभिनेत्री राशि खन्ना जल्द ही अक्षय कुमार की फिल्म 'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है और सेट से कुछ झलकियां शेयर करते हुए खुशी जताई है। राशि खन्ना ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। साथ ही लंबा नोट लिखा है। राशि ने लिखा है, 'हर फिल्म की एक कहानी स्क्रीन पर होती है, लेकिन कभी-कभी असली मजा तब आता है, जब कैमरा चल नहीं रहा होता'। अभिनेत्री ने आगे लिखा है,'फिल्म 'मौजा ही मौजा' उन शूट्स में से एक था, जो काम से ज्यादा छुट्टी जैसा लगा। बिना रुके हंसी से लेकर लूडो गेम्स, डंब चारेड्स, कैरम मैच और बीच-बीच में होने वाले सारे पागलपन तक, कभी कोई पल बोरिंग नहीं था'।



# रामायण का नया गाना मंगल रंग जारी

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का नया गाना 'मंगल रंग' रविवार को रिलीज हो गया है। इसमें दर्शकों को भगवान राम और माता सीता के रूप में रणबीर कपूर और साई पल्लवी की झलक देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने आवाज दी है। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है। गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इससे पहले चेन्नई में हुए एक लॉन्च इवेंट में भी इस गाने को दिखाया गया था, जहां इसके संगीत और दृश्यों ने लोगों में काफी उत्साह पैदा किया। 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में 'मंगल रंग' एक और शानदार संगीतमय आकर्षण जोड़ता है। 25 अक्टूबर को जारिए किए गए 'मंगल गीत' गाने में राम और सीता के विवाह को दर्शाया गया है।

## टीवी मसाला



# करण के शो पर पहुंचे वरुण जान्हवी, अर्जुन भी देंगे दिखाई

**नई दिल्ली।** करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। पहले एपिसोड में सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए थे और दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका की जोड़ी दिखाई दी थी। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। दोनों करण के साथ जमकर मस्ती करते दिखाई देंगे। शो के प्रोमो में वरुण और जान्हवी एक-दूसरे की टांग खींचने के साथ करण जौहर का भी मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अर्जुन कपूर की सरप्राइज एंट्री ने इस एपिसोड को और भी मजेदार बना दिया है। शो के प्रोमो में देखने को मिला कि वरुण और जान्हवी उस समय को याद करते हैं, जब करण जौहर ने दोनों से बात करना बंद कर दिया था। जान्हवी बताती हैं कि उस दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वहीं वरुण, करण को 'बहुत ड्रामेबाज' बताते हैं। इतना ही नहीं, वरुण, करण की नकल भी उतारते हैं और उनकी तुलना फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के अमिताभ बच्चन के किरदार से कर देते हैं। वरुण मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'आप के3जी वाले बच्चन बन गए थे... मैं बड़ा हूं, मुझे हक है।' शो में मस्ती का सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। अर्जुन कपूर भी सरप्राइज एंट्री करते हैं। रैपिड फायर राउंड के दौरान जब करण करियर और शादी से जुड़े सवाल करते हैं, तो दोनों में वरुण धवन, अर्जुन कपूर का नाम लेते हैं। वहीं, जान्हवी कपूर एक मजेदार खुलासा करती हैं।

## गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट को लताड़ा

**नई दिल्ली।** सलमान खान का शो बिग बॉस 20 काफी चर्चा में है। इस बार शो के वीकएंड का वार को सलमान खान के बजाए निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने होस्ट किया है। शेट्टी ने स्काउट और लव गिल को 'ब्लैकेट मसाज' के लिए फटकार लगाई। शो में स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी पहुंचीं। वह स्काउट पर काफी नाराज हुईं। वीकएंड का वार का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी बिग बॉस के घर में आती हैं। वह स्काउट से पूछती हैं कि मसाज पार्लर कैसा चल रहा है। इसके बाद वह लव गिल से कहती हैं कि क्या सच में आप अपने मुंह बोले भाइयों के साथ ऐसा करती हो? इस पर लव गिल कहती हैं कि मेरे लिए यह नॉर्मल था क्योंकि मुझे दर्द हो रहा है।





# परिणीति की सीरीज से हटाए गए अनूप के एक्शन सीन

अभिनेता अनूप सोनी हाल ही में नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'शक: ट्रस्ट नो वन' में नजर आए थे। इस सीरीज में परिणीति चोपड़ा और जेनिफर विंगेट भी अहम भूमिकाओं में थीं। शो में इंस्पेक्टर खुराना का किरदार निभाने वाले अनूप सोनी ने अब अपने कुछ सीन डिलीट किए जाने पर निराशा जाहिर की है।

**मुंबई।** एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने डिलीट हुए सीन के वीडियो शेयर किए और बताया कि ऐसे सीक्वेंस तैयार करने में कितनी मेहनत लगती है, लेकिन कई बार इन्हें फाइनल कट में जगह नहीं मिल पाती। अनूप सोनी ने इंस्टाग्राम पर सीरीज से हटाए गए कुछ एक्शन सीक्वेंस की झलक दिखाई है।

एक वीडियो में घायल अनूप सोनी पर उनके को-स्टार विक्की अरोड़ा हमला करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद एक सीन में अनूप उनका गला दबाते दिखाई देते हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में एक्टर की कमर पर कैमरा बंधा हुआ है और वह हांफते हुए नजर आ रहे हैं। इन सीन्स को शूट करने के लिए एक्टर ने काफी मेहनत की थी, लेकिन इन्हें सीरीज के फाइनल वर्जन में शामिल नहीं किया गया। इन वीडियो को शेयर करते हुए अनूप सोनी ने लिखा, 'शक से खुराना साहब के कुछ ऐसे सीक्वेंस, जो फाइनल वर्जन का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसे



सीक्वेंस तैयार करने में काफी सोच-विचार, समय, मेहनत और संसाधन लगते हैं। इसमें राइटर्स, डायरेक्टर, एक्शन कोरियोग्राफर, एक्टर्स, सिनेमैटोग्राफर, प्रोड्यूसर और पूरी क्रू टीम का योगदान होता है।' हालांकि, अनूप सोनी ने यह भी माना कि फिल्म मेकिंग में इस तरह के फैसले लेना आम बात है। उन्होंने आगे लिखा, 'जब कोई सीक्वेंस फाइनल कट में जगह नहीं बना पाता, तो थोड़ी निराशा जरूर होती है। लेकिन फिल्म मेकिंग में पूरी कहानी को ध्यान में रखना जरूरी होता है।

# म्यूजिकल लव स्टोरी में आदित्य संग रोमांस करेंगी तारा, पहली बार साथ आएंगे नजर

*बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अभिनेत्री तारा सुतारिया जल्द ही बड़े पर्दे पर स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों फिल्म निर्माता भूषण कुमार की आगामी इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में लीड रोल प्ले करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप मिलन जावेरी करेंगे। वहीं, शिव चानना को-प्रोड्यूसर के तौर पर फिल्म से जुड़े हैं।*

**नई दिल्ली।** यह फिल्म प्यार, भावनाओं और संगीत से भरपूर होने वाली है। खास बात यह है कि दर्शकों को आदित्य और तारा की नई ऑनस्क्रीन जोड़ी देखने को मिलेगी। आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड में अपनी रोमांटिक फिल्मों के लिए खास पहचान रखते हैं।



'आशिकी 2' जैसी फिल्म में उनके अभिनय और रोमांटिक अंदाज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं तारा सुतारिया भी अपनी खूबसूरती, अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। ऐसे में दोनों को एक इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। इस प्रोजेक्ट में तारा 'मरजावां' के बाद भूषण कुमार और मिलाप मिलन जवेरी के साथ फिर से काम कर रही हैं । उन्होंने पहले भी टी-सीरीज के साथ 'एक विलेन रिटर्न्स' में काम किया था और अब यह बैनर के साथ उनका तीसरा काम है। एक रॉ और इमोशनल लव स्टोरी के सेंटर में, इस फिल्म का मकसद लड़ाई और हाई-स्टेक ड्रामा के बैकग्राउंड में रोमांस को दिखाना है। निर्माताओं की योजना के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होगी और इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल फिल्म के आधिकारिक नाम और रिलीज डेट की घोषणा होना बाकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आदित्य रॉय कपूर और तारा सुतारिया की यह नई रोमांटिक जोड़ी बड़े पर्दे पर दर्शकों का दिल जीतने में कितनी सफल होती है।

## महिला किरदारों ने दिखाई ताकत, दर्शकों ने अपनाईं ये महिला केंद्रित फिल्में

# मदर इंडिया से नई नवेली तक, कहीं जिद तो कहीं हौसले की उड़ान

**नई दिल्ली।** यामी गौतम स्टारर फिल्म 'नई नवेली' ने आठ दिनों में दुनियाभर में करीब 30 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह मूवी 'प्रहार' जैसी फिल्मों को टक्कर दे रही है। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अभिनेत्री ने मोहिनी नाम की रहस्यमयी बहू का किरदार निभाया है, जिसे देखने के बाद डर का माहौल बनने लगता है। ऐसे में फिल्म की कहानी, कमाई और एक्ट्रेस के अभिनय ने इसे एक बार फिर बॉलीवुड की महिला प्रधान फिल्मों को चर्चा में ला दिया है। कभी हीरो के नाम पर टिकट बेचने वाली इंडस्ट्री में अब अभिनेत्रियां भी अपने दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। ऐसे में आइए इस फिल्म के साथ-साथ अब जानते हैं उन चर्चित वुमन सेंट्रिक फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के साथ महिला किरदारों की ताकत भी दिखाई।



**मदर इंडिया** : नरगिस स्टारर 'मदर इंडिया' भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार महिला प्रधान फिल्मों में शामिल है। महबूब खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म राधा नाम की महिला की कहानी है, जो गरीबी, कर्ज और सामाजिक मुश्किलों के बीच अपने बच्चों की परवरिश करती है। पति के साथ छोड़ जाने के बाद भी राधा हार नहीं मानती और अकेले अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाती है। फिल्म में एक मां के संघर्ष, स्वाभिमान और न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया गया है। कहानी में ऐसा मोड़ भी आता है, जब राधा को अपने बेटे के खिलाफ कठोर फैसला लेना पड़ता है। नरगिस के दमदार अभिनय ने इस किरदार को अमर बना दिया। 'मदर इंडिया' सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी थी।

**मिर्च मसाला** : केतन मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिर्च मसाला' महिलाओं के साहस, आत्मसम्मान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की कहानी है। फिल्म में स्मिता पाटिल ने सोनबाई का किरदार निभाया है, जो एक ताकतवर सूबेदार की बुरी नजरों का शिकार होती है। हालांकि, वह उसके सामने झुकने के बजाय उसका डटकर मुकाबला करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक महिला अपने सम्मान की रक्षा के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और पुरुष प्रधान व्यवस्था को चुनौती देती है। यह फिल्म महिला एकजुटता और सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देती है।

**दामिनी** : राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'दामिनी' एक ऐसी महिला की कहानी है, जो सच और इंसाफ के लिए अपने परिवार और समाज के खिलाफ खड़ी हो जाती है। फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि ने दामिनी का किरदार निभाया है। दामिनी अपने घर में काम करने वाली एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म की गवाह बनती है और उसे न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। इस लड़ाई में उसे कई मुश्किलों, धमकियों और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वह हार नहीं मानती। यह फिल्म महिलाओं के साहस, न्याय और सच्चाई के लिए लड़ने की ताकत को दर्शाती है।

**इंग्लिश विंग्लिश** : श्रीदेवी स्टारर 'इंग्लिश विंग्लिश' एक साधारण गृहिणी के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की खूबसूरत कहानी है। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने शशि नाम की महिला का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार का पूरा ध्यान रखती है, लेकिन अंग्रेजी नहीं बोल पाने के कारण उसे घर में ही मजाक का सामना करना पड़ता है। जब शशि अमेरिका जाती है, तो वह अंग्रेजी सीखने का फैसला करती है। लंबे अंतराल के बाद श्रीदेवी की इस फिल्म से वापसी हुई थी और उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

***कहानी*** : विद्या बालन की 'कहानी' महिला प्रधान सस्पेंस फिल्मों की बेहतरीन मिसाल मानी जाती है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्या ने एक गर्भवती महिला का किरदार निभाया, जो अपने लापता पति की तलाश में कोलकाता पहुंचती है। फिल्म ने भारत में लगभग 51.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। कम बजट, मजबूत पटकथा और शानदार अभिनय के दम पर फिल्म सफल रही।

***गंगूबाई काठियावाड़ी*** : संजय लीला भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने साबित किया कि बड़े बजट की फिल्म को सफल बनाने के लिए पुरुष सुपरस्टार का होना जरूरी नहीं है। आलिया भट्ट ने गंगूबाई के किरदार में अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 2 दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय एचआर-सीएसआर कॉन्फ्रेंस अभ्युदय : 2026 का शुभारंभ

# भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर शोध और मीमांसा करने वाले शोधार्थियों और संस्थाओं का करेंगे पूरा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

*हमारे समाज के लिए एक आदर्श है भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन*

*लोकतांत्रिक परम्पराओं के महान नायक थे भगवान श्रीकृष्ण*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जहां गीता समाप्त होती है, वहीं से जीवन का अभ्युदय प्रारंभ होता है। हमारे समाज के लिए एक आदर्श है भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन। हम सब उनके जीवन से प्रतिदिन कुछ न कुछ सीखते ही हैं।

उन्होंने अपना सारा जीवन चुनौतियों के बीच व्यतीत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण तत्कालीन लोकतांत्रिक परम्पराओं के सच्चे और महान नायक थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में फोर्थ नेशनल कांफ्रेंस फॉर एचआर-सीएसआर 'अभ्युदय' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस 2 दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। यह कॉन्फ्रेंस 25 अक्टूबर को भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इंडोनेशिया से आए पद्मश्री डॉ. अगुष इंद्र उद्याना ने एक पारम्परिक घंटी भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जीवन की हर परिस्थिति में अपना मानव धर्म और राजधर्म निभाया।



एचआर-सीएसआर कॉन्फ्रेंस अभ्युदय-2026 का दीप प्रज्ज्वलित करते सीएम।

**नशे के खिलाफ भी चलाया जा रहा है अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य में नक्सलवाद बड़ी समस्या थी। मप्र ने ही सबसे पहले लाल सलाम को आखिरी सलाम किया। प्रदेश में नशे के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में नई शिक्षा नीति लागू कर योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे नशा मुक्ति में भी सहयोग मिलेगा। प्रदेश में आयुष महाविद्यालयों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा रही है। योग और वेलनेस के प्रोत्साहन को लेकर हम बड़े प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन के लिए यूनाइटेड काउंसिल फॉर एंशिएंट विजडम-यूनाइटेड कॉन्शसनेस, श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, संस्कृति विभाग तथा सहयोगी संस्था यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन को बधाई दी।

**एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 11 मेडल जीते**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल के एशियन गेम्स में मप्र के खिलाड़ियों ने 11 मेडल जीते, इनमें से 5 स्वर्ण पदक हैं। प्रदेश में शासकीय स्तर पर 18 अकादमी संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने तीन स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से परस्पर संवाद में कहा कि एक ग्लोबल स्किल पार्क भी भोपाल में है। मप्र सबसे तेजी से औद्योगिक निवेश आकर्षित करने वाला राज्य है। हम युवाओं के कौशल विकास को लेकर भी प्रतिबद्ध है। चर्चा में टाटा समूह के प्रतिनिधि ने कौशल विकास को लेकर मध्यप्रदेश में विस्तार करने की मंशा जाहिर की।

### प्रदेश में विरासत को संरक्षित करने वाली सरकार है

अपर मुख्य सचिव संस्कृति और श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के न्यासी सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में विरासत को संरक्षित करने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री आगे बढ़कर इस मुहिम का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं, ओंकारेश्वर में नर्मदा के किनारे आचार्य शंकर को ज्ञान प्राप्त हुआ और उन्होंने देशभर की यात्रा कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया। इन सभी से संबंधित स्थलों को संरक्षित करते हुए सरकार आगे बढ़ रही है। ओंकारेश्वर में एकात्म धाम की स्थापना की गई है। इससे भविष्य में धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन के अवसर भी विकसित होंगे।

### मप्र को अभ्युदय का मंत्र दिया है

नेशनल कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. विक्रांत सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मप्र को अभ्युदय का मंत्र दिया है। यह शब्द पवित्र गीता से निकला है। उन्होंने कहा कि जब जीवन में शांति आती है, तब यही शांति आत्मिक समृद्धि भी लाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, भारतीय ज्ञान परंपरा और विरासत का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए संकल्पित हैं। वे मप्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। उन्होंने इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### भोजपुर नारी शक्ति ने प्रभात फेरी निकाली

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति ने रविवार को प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में महिलाओं में उत्साह देखा गया एवं आरती यादव का जगह-जगह सम्मान हुआ। भोजपुर नारी समिति अध्यक्ष आरती यादव, उपाध्यक्ष भगवती साहू, विमल यादव, चिंता साहू, मीना साहू, शर्मिला यादव और कुंती यादव, पुष्पा, चंद यादव, कुसुम शर्मा, जैन मैडम और रवि यादव की माता कुंती यादव ने स्वागत किया। शर्मिला अशोक यादव, सुनीता सैनी, मीणा मालवीय का स्वागत हुआ।

### विधायक पटवा ने की अग्रवाल की सराहना



**औबेदुल्लागंज।** जिला महिला मंडल अध्यक्ष विद्या अग्रवाल के निवास पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने पहुंचकर बधाई दी और कहा कि विद्या अग्रवाल बहुत मेहनत करती है, ढाई क्विंटल आटे की पूड़ी बांटी। इस अवसर पर विद्या अग्रवाल ने पटवा से कहा कि विधायक पटवा सभी के हित की बात करते हैं। कभी किसी का बुरा नहीं किया।

### मुख्यमंत्री ने पंचनद के 'हम भारत के लोग, हमारा दायित्व' कार्यक्रम को संबोधित किया

# अधिकारों की चर्चा के साथ कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को भी समझना जरूरी : नायब

*शोध संस्थान को शोध कार्यों के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज अधिकारों की चर्चा तो बहुत होती है, लेकिन कर्तव्यों और जिम्मेदारियों पर अपेक्षाकृत कम चर्चा होती है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हमारे अधिकार क्या हैं, हमारा दायित्व क्या है और एक नागरिक के रूप में हमारी जिम्मेदारी क्या है। उन्होंने कहा कि 'हम भारत के लोग, हमारा दायित्व' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श के लिए एकत्र होना अपने आप में एक सार्थक पहल है। ऐसे आयोजनों में होने वाली चर्चा से निकलने वाले विचारों का लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलता है और उन्हें देश व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने की दिशा मिलती है।मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार को चंडीगढ़ में पंचनद शोध संस्थान द्वारा आयोजित 33वां वार्षिक व्याख्यान पूर्व-लोकमंथन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का विषय 'हम भारत के लोग, हमारा दायित्व' था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पंचनद शोध संस्थान को 11 लाख देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान में मौलिक कर्तव्यों को शामिल किया गया था, लेकिन लंबे समय तक अधिकारों पर अधिक और कर्तव्यों पर कम चर्चा होती रही। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा रखे जाने वाले विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह काम करेंगे और देशवासियों को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का मार्ग दिखाएंगे।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार जनता

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना के पहले शब्द हैं-'हम, भारत के लोग।' ये शब्द हमें बताते हैं कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार जनता है। संविधान हमें अधिकार देता है, हमारी स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करता है। साथ ही, वह हमसे यह अपेक्षा भी करता है कि हम देश, समाज और एक-दूसरे के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं। अधिकार हमें सशक्त बनाते हैं और दायित्व उस शक्ति को सही दिशा देते हैं। जब अधिकार और कर्तव्य साथ चलते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। संविधान के अनुच्छेद 51ए में नागरिकों के मूल कर्तव्यों का उल्लेख है। इसमें संविधान और उसके आदर्शों का सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को संजोना, देश की एकता और अखंडता की रक्षा करना, सामाजिक सद्भाव को बढ़ाना, महिलाओं की गरिमा का सम्मान करना, हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति की रक्षा करना शामिल हैं। ये बातें हमारे समाज को जोड़ने और देश को आगे ले जाने के जीवन-मूल्य हैं।

### मुख्यमंत्री ने अमृतसर के भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल पर माथा टेका



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृतसर स्थित भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल पर पहुंचकर भगवान वाल्मीकि को नमन किया और माथा टेककर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि का जीवन और उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं समाज में समानता, सद्भाव, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, आदर्श जीवन मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का अनुपम ग्रंथ है।

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने उमरिया में जिला बैठक को किया संबोधित

# कांग्रेस पार्टी की अराजक राजनीति को जनता के सामने करें उजागर: चंद्रशेखर

**आंदोलनों की आड़ में देश में अराजकता की स्थिति कर रहे उत्पन्न**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने शनिवार को उमरिया जिला कार्यालय में जिला बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यों और तौर-तरीकों से देश को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस की अराजक राजनीति को पार्टी कार्यकर्ता जनता के सामने उजागर करें।

पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के साथ जन-जन तक विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करें। अब आंदोलनों की आड़ में देश में अराजकता की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना विपक्ष की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री नागर सिंह चौहान एवं संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने भी संबोधित किया।

### देश और समाज के हित में कार्य करना भाजपा का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रारंभ से जिस राजनीतिक मॉडल पर कार्य किया, उससे देश को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस की नीतियों ने समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव को बढ़ावा दिया, जबकि भाजपा ने आंदोलनों और जनजागरण के माध्यम से बेहतर व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया। चुनावी पराजय के बाद कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठाती है और लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रहार करती है। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर इन विषयों पर तथ्यपरक संवाद करना है।

### प्रवास के दौरान संगठन की स्थिति की करेंगी समीक्षा

# भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रभारी स्मृति ने कार्यकर्ताओं को दी अनुशासन की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना**



छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रभारी बनने के पश्चात पहली बार रायपुर पहुंचीं स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन की हिदायत दी। उन्होंने प्रदेश कार्यालय परिसर में स्पष्ट कहा कि बैठकों में केवल वही लोग उपस्थित रहें जिन्हें आमंत्रित किया गया है। बिना किसी कार्य अथवा बुलावे के कार्यकर्ताओं को कार्यालय आने से बचना चाहिए। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वह संगठन की स्थिति की समीक्षा करेंगी।

रायपुर पहुंचने के तुरंत बाद स्मृति ईरानी भाजपा कार्यालय पहुंचीं। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात'सुना। इस दौरान सभी लोग जमीन पर बैठकर कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके पश्चात प्रदेश प्रभारी ने कार्यालय में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उनके इस संदेश को पार्टी के भीतर अनुशासन, बेहतर समन्वय बनाने के रूप में देखा जा रहा है।

### दिन भर चला बैठकों का सिलसिला

रेडियो कार्यक्रम के बाद-स्मृति ईरानी की बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया। प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री और प्रदेश महामंत्रियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के बाद प्रदेश पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसके बाद तक संभाग प्रभारियों, सह प्रभारियों, जिला प्रभारियों, जिला सह प्रभारियों और जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक का कार्यक्रम है। शाम के सत्र में पूर्व जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया। पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों के साथ बैठक के बाद पार्टी के पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### सड़ा-गला थैला और चप्पल भी हुई बरामद

# मनरेगा के तहत खुदाई में मानव कंकाल मिलने से मची सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में पंडरिया थाना क्षेत्र के किशनगढ़ गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत खुदाई के दौरान एक मानव कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। जमीन के भीतर से कंकाल के साथ एक सड़ा-गला थैला और चप्पल भी बरामद हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किशनगढ़ गांव में मजदूर बड़े पैमाने पर जमीन की खुदाई का कार्य कर रहे थे। काम के दौरान जैसे ही एक मजदूर ने फावड़ा चलाया, वैसे ही जमीन के नीचे से इन्सान की हड्डियां बाहर आ गईं। अचानक मानव अवशेष देखकर मजदूरों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

### सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस, जांच शुरू

सूचना मिलते ही पंडरिया थाने की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल वाले पूरे इलाके को सील कर दिया और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने नर कंकाल को फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस आसपास के गांवों में भी पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हाल ही में इलाके से कोई व्यक्ति गायब तो नहीं हुआ था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह कंकाल किसी पुरुष का है या महिला का। कंकाल कितना पुराना है, इसकी सटीक जानकारी भी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस फिलहाल जांच कर रही है।

### इलाज और सुविधाएं दिलाने का प्रलोभन देकर बनाया बंधक

# पास्टर पर बीमारी से जूझ रही महिला के दैहिक शोषण और धर्मांतरण के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में एक पास्टर पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। पास्टर दिलीप चक्रधारी ने कथित तौर पर बीमारी से जूझ रही एक महिला को इलाज और सुविधाएं दिलाने का प्रलोभन देकर बंधक बना लिया। आरोपी ने पीड़िता को धर्मांतरण के लिए उकसाया और उसका दैहिक शोषण किया। पीड़िता के 15 वर्षीय पुत्र ने इस मामले में सिटी कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार वर्ष 2021 में पीड़िता के पति राजकुमार साहू की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद महिला की तबीयत लगातार खराब रहने लगी। इस दौरान पड़ोसी अंबिका साहू ने




उसका परिचय आरोपी पास्टर दिलीप चक्रधारी से कराया। आरोपी ने महिला की बीमारी ठीक करने और घर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बदले उसने महिला को ईसाई धर्म अपनाने के लिए विवश किया। आरोप है कि आरोपी पास्टर ने महिला को अपने घर में बंधक बनाकर रखा और उसे परिजनों के पास लौटने से रोका। आरोपी पीड़िता को धमकियां देता था।

### महिला के शरीर पर चोट के निशान

पीड़िता की स्थिति बिगड़ने पर उसे कोमलदेव अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता के पुत्र के अनुसार 23 अक्तूबर को चिकित्सकों ने जानकारी दी कि महिला के शरीर पर चोट के निशान हैं और फेफड़ों में गंभीर संक्रमण है। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया गया है। पीड़िता ने आरोपी पास्टर के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच की मांग

# नर्मदा प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मप्र कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का निराकरण करने की मांग को लेकर मप्र कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की मांग पर रमेशचंद्र शर्मा ने तत्काल नर्मदा घाटी विकास विभाग प्रमुख सचिव ई रमेश कुमार आईएएस को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का निराकरण किया जाए। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले चार साल से नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण करने पर रोक लगी हुई है।

### महंगाई भत्ते को लेकर संयुक्त मोर्चे का प्रदर्शन चार नवंबर को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा द्वारा राज्य के अधिकारियों कर्मचारी एवं पेंशनरों को शासन द्वारा जनवरी 2026 से देय दो प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में चार नवंबर को सतपुड़ा भवन प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा के संयोजक महेंद्र शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

संगठनों के प्रतिनिधियों से मांगों के संबंध में चर्चा नहीं की जा रही है, तथा 10 माह का समय व्यतीत होने के बाद भी प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दो प्रतिशत महंगाई भत्ता भुगतान नहीं किया। मोर्चा की मांग है कि दीपावली के पूर्व दो प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान करें अन्यथा संयुक्त मोर्चे में सभीसंगठनों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### जहरीली शराब से 22 मौतों पर सरकार से मांगा जवाब

*जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग*

# अब देवास जिले में जहरीली शराब से बरपा कहर, जीतू पटवारी और अरुण यादव ने की पीड़ितों से मुलाकात

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने देवास जिले के ग्राम चंदाना पहुंचकर जहरीली शराब की घटना में अपनों को खो चुके परिवारों से मुलाकात की और उनके दुख-दर्द को करीब से जाना।

पटवारी ने कहा कि देवास जिले में जहरीली शराब से अब तक 22 लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। यह बेहद गंभीर मामला है। सरकार और जिला प्रशासन को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज राजानी, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

*सरकार को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए*



पीड़ित परिवार से मिले पटवारी और यादव।

### आर्थिक सहायता मिलना चाहिए

पटवारी ने कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उन्हें न्याय और उचित आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। जहरीली शराब के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवारों की आवाज को दबने नहीं देगी। यह केवल कुछ परिवारों का दुख नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सरकार की जवाबदेही का सवाल है। जहरीली शराब से हुई मौतों का सच सामने लाना, दोषियों को सजा दिलाना और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना जरूरी है। कांग्रेस की यह लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी।

## चिंतन

# डिजिटल दुनिया की बुनियादी कमजोरी उजागर, सुरक्षा जरूरी

डिजिटल क्रांति की चमक के पीछे छिपे गंभीर खतरे को नजरअंदाज करना अब भारी पड़ सकता है। जिस इंटरनेट को आधुनिक दुनिया की जीवनरेखा माना जाता है, उसकी बुनियाद में ही गंभीर कमजोरियां मौजूद हों तो सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज पीएचपी (हाइपरटेक्स्ट प्रीप्रोसेसर) में सामने आई खामी ने इसी खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दुनिया की 70 प्रतिशत से अधिक वेबसाइटों की बुनियाद पीएचपी पर होने का दावा बताता है कि मामला किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। यदि ऐसी खामियों का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो वेबसाइटों, डिजिटल कारोबार और संवेदनशील जानकारियों पर साइबर हमलों का जोखिम बढ़ सकता है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा इंटरनेट पर निर्भर है। बैंकिंग से लेकर खरीदारी तक, सरकारी सेवाओं से लेकर समाचारों तक, हमारी रोजमर्रा की जिंदगी डिजिटल प्रणालियों के सहारे चल रही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस व्यवस्था पर करोड़ों लोग भरोसा कर रहे हैं, उसकी सुरक्षा की गारंटी कितनी मजबूत है? पीएचपी का इस्तेमाल लॉगिन व्यवस्था, ऑनलाइन दुकानों, डाटाबेस और समाचार वेबसाइटों के संचालन में होता है। इसकी किसी गंभीर खामी का फायदा उठाकर हमलावर वेबसाइटों के सर्वर तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में खतरा केवल तकनीकी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि निजी जानकारी, कारोबारी गतिविधियों और डिजिटल सेवाओं में लोगों के भरोसे का भी है। इनका लाभ दुनिया भर की बड़ी कंपनियां और संस्थान भी उठाते हैं, मगर सुरक्षा सुधारों के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने की जिम्मेदारी अक्सर स्पष्ट नहीं होती। एआई की मदद से शोधकर्ताओं द्वारा प्रोग्रामिंग कोड में छिपी खामियों का पता लगाना तकनीकी प्रगति का सकारात्मक पक्ष है। मगर यही क्षमता साइबर अपराधियों के हाथ लग जाए तो खतरे का दायरा भी बढ़ सकता है। इसलिए एआई को लेकर उत्साह के साथ सावधानी भी जरूरी है। तकनीक जितनी शक्तिशाली होगी, उसके दुरुपयोग को रोकने की तैयारी भी उतनी ही पुख्ता करनी होगी। केवल खामी सामने आने के बाद सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है; संभावित कमजोरियों की पहचान और रोकथाम लगातार चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। अब जिम्मेदारी तय करने का समय है। वेबसाइट संचालकों और कंपनियों को सुरक्षा अद्यतन तत्काल लागू करने, पुराने सॉफ्टवेयर की पहचान करने, नियमित सुरक्षा परीक्षण कराने और साइबर हमले की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकारों और साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी संस्थानों के बीच सूचना साझा करने तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना होगा। आम उपयोगकर्ताओं के लिए भी सतर्कता जरूरी है। अनजान वेबसाइटों पर संवेदनशील जानकारी देने से बचना, संदिग्ध लिंक नहीं खोलना और अपने उपकरणों तथा ब्राउजर को अद्यतन रखना समझदारी है। हालांकि, सर्वर से जुड़ी खामी का अर्थ यह नहीं कि हर व्यक्ति का मोबाइल या कंप्यूटर सीधे प्रभावित हो गया है। सच यह है कि डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार सुरक्षा की तैयारी से आगे निकल गई, तो इसकी कीमत आम नागरिकों को अपनी निजता, धन और भरोसे से चुकानी पड़ सकती है। तकनीकी विकास का पैमाना केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितनी सेवाएं ऑनलाइन आ गईं, बल्कि यह भी हो कि वे कितनी सुरक्षित हैं। डिजिटल क्रांति की सफलता वेबसाइटों की संख्या से नहीं, लोगों के भरोसे से तय होगी। सुरक्षा को बाद की मरम्मत नहीं, पहली शर्त बनाना ही समय की सबसे बड़ी मांग है।

# आखिर! इन आंदोलनों में 'गांधी' कहां हैं?



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में इन दिनों सरकार विरोधी आंदोलनों की सरगर्मी है। पिछले दिनों फ्रांस, इटली, अल्बानिया , बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल और सहित अनेक यूरोपीय देशों में युवा ईंधन की बढ़ती कीमतों, खस्ताहाल स्कूली शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं में गिरावट को लेकर सड़कों पर उतर आए थे। प्रदर्शनकारी छात्रों और युवाओं ने इन देशों के प्रमुख शहरों में जमकर तोड़फोड़, आगजनी और लूटपाट किया। दरअसल छात्रों और युवाओं के सरकार विरोधी प्रदर्शनों की शुरुआत श्रीलंका , बांग्लादेश, नेपाल, इंडोनेशिया और पेरु से हुई थी जिसे ' जेन- जी प्रोटेस्ट ' नाम दिया गया। डिजिटल मीडिया के जरिए वैचारिक क्रांति करने वाली यह पीढ़ी अपने देश के सरकारों के भ्रष्टाचार, भाई - भतीजावाद, महंगाई , बेरोजगारी और असमानता के खिलाफ लगातार अपना आक्रोश जताते रहे हैं।

श्रीलंका सहित अन्य देशों में 'जेन -जी ' का सरकार के खिलाफ जब यह गुस्सा सड़कों पर उतरा तो उसने अपने ही देश के संसद, सुप्रीम कोर्ट, बैंक और सरकारी भवनों पर कब्जा कर इसे आग के हवाले कर दिया। इस प्रोटेस्ट के बाद सभी मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों को इस्तीफा देना पड़ा या अन्य देशों में शरण लेना पड़ा। बहरहाल अब बात भारत की करें तो इस साल के जून-जुलाई में नीट - यूजी पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर डिजिटल मीडिया पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी 'सीजेपी' का जबरदस्त प्रोटेस्ट हुआ।इस प्रदर्शन में प्रोटेस्टर्स हाथ में तिरंगा, महात्मा गांधी और भगतसिंह के प्लेकार्ड थामे अपने प्रदर्शन को गांधीवादी आंदोलन का नाम देते नजर आए । यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था जिसमें जहां एक ओर देश के सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक गांधी के अमोघ अस्त्र 'अनशन ' करते देखे गए तो दूसरी ओर इसी प्रदर्शन में शामिल प्रोटेस्टर्स, यूट्यूबर्स और इन्फ्लूएंसर्स गांधी के 'वाणी के अनुशासन' का व्रत तोड़ते दिखाई दिए। बेशक देश के छात्र और युवा इन दिनों भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, परीक्षा में अनियमितताओं , महंगाई, हिंसा और अन्याय जैसे मुद्दों से जूझ रहे हैं। यह भी सच है कि देश के संविधान में आम नागरिकों को सत्ता के खिलाफ असहमति की अभिव्यक्ति और आंदोलन का मौलिक अधिकार है लेकिन इसकी भी एक लक्ष्मण रेखा है।

गौरतलब है कि प्रोटेस्ट के मंच पर गांधी और भगत सिंह के तस्वीरें रखकर हो रहे सीजेपी और वामपंथी छात्र संगठन ' आईसा' के इस विरोध- प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया में कुछ प्रदर्शनकारियों जिसमें युवतियां भी शामिल थीं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए वीडियो और पोस्टर वायरल हुआ। प्रोटेस्ट के आखिरी दिन 20 जुलाई को 'संसद मार्च ' के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर झड़प और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। 'जेन - जी ' के इस प्रोटेस्ट को गांधीवादी ठहराने वालों से सवाल यह कि क्या महात्मा गांधी ने असहमति की अभिव्यक्ति के लिए हिंसा और आगजनी को उचित ठहराया था? क्या कभी गांधी ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफत के लिए सड़कों पर अराजकता का समर्थन किया था? बेशक नही।



महात्मा गांधी युवाओं को राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त वाहक मानते थे लेकिन वे हमेशा ध्यान रखते थे कि युवा हिंसा की राह पर न जाएं बल्कि वे वाणी के अनुशासन को सबसे बड़ा व्रत मानते थे। देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी की अगुवाई में हुए असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन में छात्रों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। लिहाजा गांधी के नाम पर अनशन और प्रदर्शन करने वालों को चिंतन करना होगा कि प्रतिरोध की आवाज में आखिर! गांधी का संदेश कहां विलुप्त हो गया?

इस बीच एक राष्ट्रीय अखबार में मुख्य चुनाव आयुक्त 'सीईसी' और अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों के बीच मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 'एसआईआर' को लेकर कथित मतभेद और मनमानी की रिपोर्ट छपने के बाद देश में एक बार फिर से विभिन्न पार्टियों और संगठनों के रैलियों और विरोध प्रदर्शनों की बाढ़ आ गई है। विपक्षी राजनीतिक दल से लेकर छात्र - युवा, एक्टिविस्ट, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता 'सीईसी' ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन करने वाले लोग जहां इन विरोध - प्रदर्शनों को महात्मा गांधी के /"सत्याग्रह/" का नाम दे रहें तो कुछ लोग इसे ' गांधीवादी आंदोलन ' बताने में जुटे हैं। विरोध - प्रदर्शनों के इस दौर में कुछ आंदोलनकारी महात्मा गांधी की समाधि ' राजघाट ' पर भी बापू के भजन गाते और नतमस्तक होते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय यूट्यूबर और एक्टिविस्ट ध्रुव राठी अपने ही देश के अंदरूनी मुद्दे को लेकर लंदन के पार्लियामेंट स्क्वेयर में महात्मा गांधी के प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन करते देखे गए।देश के विभिन्न शहरों में चल रहे आंदोलनों में प्रदर्शनकारी हाथ में गांधी के प्लेकार्ड या बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के पोस्टर और संविधान की किताब पकड़े दिखाई दे रहे हैं। बहरहाल अब बात गांधी के नाम पर हो रहे हालिया सत्याग्रह और आंदोलनों पर गौर करें तो हमें इतिहास पर झांकना होगा। महात्मा गांधी के अगुवाई में हुए असहयोग आंदोलन के दौरान 4 फरवरी 1922 में चौरी चौरा में प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस चौकी में आगजनी करने और इस घटना में 22 पुलिसकर्मियों और 3 नागरिकों के मारे जाने पर गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था। इस लिहाज से सीजेपी के प्रोटेस्ट को गांधीवादी आंदोलन बताने वालों को एक बार फिर से गांधी को पढ़ने और समझने की जरूरत है।

विचारणीय है कि इन महापुरुषों के अगुवाई में हुए विरोध - प्रदर्शनों में उग्रता और हिंसा की बात छोड़िए कभी भी असभ्य या अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया। भले ही आंदोलनों में उग्र नारों का जरूर उपयोग हुआ लेकिन आंदोलनकारियों के व्यवहार की मर्यादा रही है। इक्कीसवीं सदी के भारत में भी 2011 में सुप्रसिद्ध गांधीवादी अन्ना हजारे के अगुवाई में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनलोकपाल विधेयक की मांग को लेकर ' अन्ना आंदोलन ' तथा 2012 में दिल्ली के पैरामेडिकल छात्रा निर्भया के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के विरोध में ' निर्भया आंदोलन ' हुआ था। इन दोनों आंदोलनों को छात्रों और युवाओं ने खूब ताकत दिया तथा सोशल मीडिया के जरिए आंदोलन को व्यापक फैलाव मिला। दरअसल यह पहला मौका था जब देश के राजनेताओं को सोशल मीडिया के ताकत और सार्थकता का अहसास हुआ।

बहरहाल अब हालिया विरोध - प्रदर्शनों को 'सत्याग्रह' की कसौटी पर परखें तो यह गांधी के विचार और दृढ़ता से कोसों दूर हैं। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का अर्थ ' सत्य के लिए आग्रह ' बताया था जिसमें अहिंसक प्रतिरोध और सविनय अवज्ञा का सिद्धांत निहित है। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का उद्देश्य विरोधी को शत्रु नहीं बल्कि मित्र और भाई मानते हुए अन्याय करने वाले व्यक्ति या व्यवस्था का हृदय परिवर्तन बिना किसी हिंसा या द्वेष के करना बताया है। गांधी के सत्याग्रह में प्रदर्शनकारियों के लिए अहिंसा, न्याय के लिए सच्चाई के साथ खड़ा रहना, अन्याय का सामना करते हुए स्वयं को को कष्ट सहने का भाव और निडरता बताया गया है। वर्तमान आंदोलनों को देखें तो राजनीतिक दलों से लेकर ' जेन- जी प्रोटेस्ट' सहित सभी विरोध प्रदर्शन गांधी के विचारों और तौर-तरीकों से बहुत दूर हैं। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक सत्याग्रह किया जिसमें उन्होंने अहिंसा के बलबूते अंग्रेजी हुकूमत को अपने अन्यायपूर्ण कदम वापस लौटाने को मजबूर कर दिया। गांधी में सत्य और अहिंसा के प्रति इतना आत्मविश्वास था कि उन्होंने कभी भी ब्रिटिश हुकूमत से माफी नहीं मांगी बल्कि कानून तोड़ने पर जुर्म कबूल कर जेल जाना मंजूर किया। इसके उलट गांधी के नाम पर विरोध प्रदर्शन करने वाले संगठनों के नेता आए - दिन पुलिस के सामने बांड भरकर पुलिस हिरासत या जेल से रिहा हो रहे हैं या माफीनामा लिख रहे हैं।

अलबत्ता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के बलबूते संघर्ष के जिजीविषा का परिणाम था कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने उनके बारे में कहा था कि /"आने वाली नस्लें शायद मुश्किल से ही विश्वास करेंगी कि हाड़-मांस से बना कोई ऐसा व्यक्ति भी धरती पर चला - फिरा था।' गांधी जहां विरोध - प्रदर्शनों में अहिंसा और मर्यादा के पक्षधर थे वहीं उनका मानना था कि सरकार का कर्तव्य होता है कि वह जनता की आवाज सुने, संवाद करे और अन्यायपूर्ण कानून को बदलें। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में सत्ता के खिलाफ असहमति और आंदोलन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन यह अहिंसक और मर्यादित होना चाहिए। इसी तरह संवाद भी लोकतंत्र की आत्मा है लिहाजा सरकारों को भी गांधी के विचारों के अनुरूप जनता के साथ संवाद के दरवाजे हमेशा खुला रखना चाहिए। इतिहास गवाह है कि भारत में जितने भी आंदोलन और विरोध - प्रदर्शन हुए हैं उनका समाधान सिर्फ संवाद और अहिंसा के जरिए ही संभव हुआ है लिहाजा आज सभी पक्षों को गांधी के विचारधारा को आत्मसात करने की जरूरत है।

## सारा संसार




अगर आप द्वारकाधीश मंदिर जा रहे हैं, तो यहां के इस्कॉन मंदिर के दर्शन भी जरूर करें। भगवान कृष्ण और देवी राधा की आवास मूर्तियों को समृद्ध परिधानों में लिपटा हुआ और फूलों से अलंकृत किया गया, यह पूरी तरह से पत्थर से निर्मित मंदिर है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है।

## मन का मौन

डॉ. बलवीर आचार्य



# अभ्यास और वैराग्य का पथ

मानसिक एकाग्रता, आत्मिक शान्ति तथा अन्तर्मुखी जीवन के लिए मन का मौन अत्यन्त आवश्यक है। सामान्यतः मौन का अर्थ केवल वाणी का संयम समझा जाता है, किन्तु योग और अध्यात्म की दृष्टि से वास्तविक मौन मन की चंचल वृत्तियों का शान्त होना है। मुख से शब्दों के उच्चारण को रोक देना अपेक्षाकृत सरल है, परन्तु मन में निरन्तर उठने वाले विचारों, कल्पनाओं और संकल्प-विकल्पों के प्रवाह को नियंत्रित करना एक गम्भीर साधना का विषय है। मन की चंचलता और नियन्त्रण का उपाय : मन स्वभाव से ही चंचल, प्रमाथी और बलवान है। इसी यथार्थ को स्वीकार करते हुए अर्जुन ने श्रीकृष्णा से कहा था कि मन को वश में करना वायु को रोकने के समान कठिन है। इसके उत्तर में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मन निस्सन्देह चंचल है, किन्तु 'अभ्यास' और 'वैराग्य' के द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है (गीता 6.35)। आगे वे स्पष्ट करते हैं कि असंयमित मन वाले व्यक्ति के लिए मानसिक शान्ति प्राप्त करना कठिन है, किन्तु जिसने अपने मन को साध लिया है, वह निरन्तर पुरुषार्थ द्वारा उसे अवश्य प्राप्त कर लेता है (गीता 6.36)। महर्षि पतञ्जलि ने भी योगदर्शन में इसी सत्य का प्रतिपादन किया है। समाधि पाद के सूत्र 1.12 में वे कहते हैं- 'अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः' अर्थात मन के व्यापार का निरोध अभ्यास और वैराग्य से ही सम्भव है। निरन्तर सजगता, ध्यान और आत्मनिरीक्षण का अभ्यास मन को स्थिरता प्रदान करता है, जबकि विषयों के प्रति अनासक्ति और मोह का क्षय वैराग्य को विकसित करता है। इन दोनों के समन्वय से मन का कोलाहल शान्त होने लगता है और साधक आन्तरिक मौन का अनुभव करता है। आन्तरिक मौन और साक्षीभाव : मन का मौन विचारों के पूर्ण अभाव का नाम नहीं है, अपितु विचारों से असंग (अलिप्त ) रहने की क्षमता का नाम है। इस अवस्था में साधक अपने भीतर उठने वाली मानसिक तरंगों का केवल साक्षी बना रहता है; वह उन्हें देखता है, किन्तु उनसे अपना तादात्म्य (जुड़ाव) स्थापित नहीं करता। यही साक्षीभाव मानसिक सन्तुलन, भावनात्मक परिपक्वता और आत्मिक प्रसन्नता का मूल आधार बनता है। वास्तव में मन ही हमारी इंद्रियों और कर्मों का नियामक है। मन की स्थिति के अनुसार ही व्यक्ति का व्यवहार, निर्णय और जीवन-दृष्टि निर्मित होती है। जब मन वासनाओं, राग-द्वेष और असंख्य इच्छाओं से व्याकुल रहता है, तब जीवन में तनाव, अशान्ति और असन्तोष बढ़ते हैं। इसके विपरीत, जब मन अभ्यास और वैराग्य के द्वारा संयमित हो जाता है, तब भीतर स्थिरता, विवेक और सहज आनन्द का उदय होता है। मन के मौन की अनिवार्यता- आज के यांत्रिक और तनावपूर्ण जीवन में मन का मौन केवल एक आध्यात्मिक आवश्यकता ही नहीं, अपितु मानसिक स्वास्थ्य की भी अनिवार्य शर्त है। ध्यान, जप, स्वाध्याय तथा आत्मचिन्तन के माध्यम से मन क्रमशः बाह्य आकर्षणों से हटकर अपने मूल स्वरूप की ओर उन्मुख होता है। यह स्थिति व्यक्ति को संसार के परिवर्तनशील अनुभवों के मध्य भी आन्तरिक सन्तुलन बनाए रखने की अपार शक्ति प्रदान करती है। अतः मन का मौन संसार से कोई पलायन नहीं, अपितु आत्मचेतना की एक उच्च अवस्था है। गीता के अनुसार यह अभ्यास और वैराग्य से प्राप्त होता है तथा योगदर्शन के अनुसार यही मन की शान्ति का सच्चा मार्ग है। जब मन की अशान्त तरंगें शान्त होने लगती हैं, तब साधक अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है और स्थायी शान्ति, आनन्द तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष की दिशा में निरन्तर अग्रसर होता है।

( लेखक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ -जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित

प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान दें सरकारें**

सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाई के साथ-साथ इनके कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे, ऐसा करके या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। यह योजना तभी कामयाब होगी जब कंपनियां इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है। - *चंदन अग्रवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### अभद्र टिप्पणी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज पटना में मोदी जी के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी करके मर्यादा की सारी हदें पार कर दी हैं। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने मोदी जी या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। -**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### वोट चुराए जा रहे



हमारे वोट चुराए जा रहे हैं, और हम किसी भी हाल में इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे। वोटर लिस्ट से नाम हटा दिए गए हैं। नियमों और कानूनों को तोड़ा गया है। और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलाई गई हैं। अब देश इसका जवाब देगा।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### भ्रष्टाचार का मामला



यूपी के नगर निकाय के उच्च अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ लोग बिना पैसे जमा किए खुलेआम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है- यह या तो भ्रष्टाचार का मामला है या फिर प्रशासन के दबाव का।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### कांग्रेस की बढ़ती हताशा



कांग्रेस पार्टी की प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति नफरत सभी को पता है। इसी नफरत भरी मानसिकता को आगे बढ़ाते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष खड़के जी ने प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता के बारे में जो अभद्र टिप्पणी की है, वह कांग्रेस की बढ़ती हताशा को दर्शाती है।

- **धर्मेन्द्र प्रधान,** सांसद, बीजेपी

## करंट अफेयर

# पाक ने ईरान से सटे प्रमुख सीमा मार्ग को फिर खोला



पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार और सीमा पार आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए ईरान से सटा एक प्रमुख सीमा मार्ग खोल दिया है। सीमा के एक सप्ताह तक मार्ग बंद रहने के कारण मालवाहक वाहन फंसे हुए थे, आपूर्ति बाधित हो गई थी और सर्दियों की शुरुआत से पहले एलपीजी की कमी की आशंका बढ़ गई थी। खबर के अनुसार, बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में गब्द-रिमदान सीमा मार्ग पर शनिवार को व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू हो गईं और सीमा अधिकारियों ने 16 अक्टूबर या उससे पहले की तारीख के माल भेजने संबंधी दस्तावेजों के साथ आने वाली वाणिज्यिक खेपों को सीमा पार करने की अनुमति दी है। ग्वादर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मीर नवीद जान कलमाती ने पुष्टि की कि ' गेट 250' के नाम से भी जाने जाने वाले इस सीमा मार्ग को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने गब्द-रिमदान में ईरान के साथ अपनी सीमा खोल दी है और सामान से लदे ट्रकों तथा अन्य वाहनों को दोनों देशों के बीच आवाजाही की अनुमति दे दी है।' उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सीमा पार व्यापार बहाल होने से दोनों ओर फंसे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को तत्काल राहत मिलेगी।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों को किया संबोधित

# त्योहारी सीजन के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूती दें, स्थानीय कलाकारों के निर्मित उत्पाद को प्राथमिकता दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों से आगामी त्योहारी सीजन के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों पर खरीदारी करते समय देश के स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पकारों के बनाए उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि बिहार का मखाना, कर्नाटक की अरहर दाल और महाराष्ट्र के आदिवासी उत्पाद अब नई पैकेजिंग और वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहे हैं। खादी उत्पादों की बढ़ती मांग से उन पारंपरिक कारीगरों को सीधा सहारा मिल रहा है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को संभाल कर रखे हुए हैं। स्थानीय खरीदारी न केवल छोटे कारोबारियों और कारीगरों का उत्साह बढ़ाएगी, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को भी गति देगी।

**खास बातें**

- रिकॉर्ड 28 करोड़ की खादी की खरीद की गई
- ई-संजीवनी से 40 करोड़ लोगों का इलाज किया गया
- इससे आत्म निर्भर भारत को मिलेगी गति



### पूर्णिया का मखाना पहुंच रहा ग्रीस, कलबुर्गी की अरहर दाल अब मालदीव जा रही

पीएम मोदी ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना अब हमारे उत्पादों को दुनिया के बाजारों तक पहुंचा रही है। बिहार के पूर्णिया का मखाना अब ग्रीस पहुंच रहा है। कर्नाटक के कलबुर्गी की अरहर दाल अब मालदीव जा रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में आदिवासी समुदायों ने अपने बनाए उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत फोकस किया है। यहां के 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चिरौंजी और बांस से बने उत्पाद बाजार में लाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप है और इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित ' गुड डिजाइन अवार्ड' मिला है।

### महर्षि वाल्मीकि ने दी जीवन की गहरी सीख

पीएम मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से हमें जीवन की गहरी सीख दी है। वे सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता का महत्व समझाते हैं। भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम और भक्ति को अपनाया। निषादराज की मित्रता को सम्मान दिया। सबको साथ लेकर चलने का भाव, ये आदर्श आज भी हमें दिशा दिखाते हैं।

### लोगों के प्रेम को अमूल्य पूंजी बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे सैकड़ों ऐसे संदेश मिलते हैं जिनमें लोग बताते हैं कि 'मन की बात' सुनकर उन्हें ऐसा लगता है, जैसे मैं उनके बीच उनके परिवार में बैठकर एक परिवार के सदस्य की तरह उन सबसे संवाद कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए आप सभी श्रोताओं की यह आत्मीयता, आपका यह स्नेह बहुत अमूल्य पूंजी है।

### यह सेवा-भाव का गौरवगान करने का शुभ अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए 'मन की बात' देश की आम जनता के परिश्रम, उसके पराक्रम, उसकी प्रतिबद्धता, उसके समर्पण एवं सेवा-भाव का गौरवगान करने का एक शुभ अवसर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग समाज और राष्ट्र के लिए जीते हैं, वे अपने आप में एक तीर्थ के ही स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से मैं एक तरह से देश की लोकशक्ति की आराधना करता हूं। मुझे इसके माध्यम से देश के हर परिवार से जुड़ने का अवसर मिलता है।

**12 साल के सफर को बताया 'तीर्थयात्रा' :** प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की 12 साल की यात्रा को तीर्थयात्रा बताया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह देश के लोगों के प्रयासों को करीब से जानने एवं उनके योगदान को नमन करने की एक तीर्थयात्रा से कम नहीं है।

## खबर संक्षेप

### आंध्र में 100 शहरी निकाय चुनाव रुका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयोगने 100 शहरी स्थानीय



निकायों में चल रही चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। 13 नगर निगमों तथा 87 नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में चुनाव की कार्रवाई रोक दी गई। टीडीपी-वाइएसआरसीपी के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच कोर्ट ने यह कदम उठाया।

### कन्नड़ लोगों को नौकरी नहीं तो होगी कार्रवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि अगर निजी संस्थान राज्य में कन्नड़ लोगों को



जानबूझकर नौकरी के अवसर नहीं देते हैं, तो सरकार कार्रवाई करेगी। कन्नड़ लोगों के अधिकारों, सम्मान और रोजगार के अवसरों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके अधिकारों, सम्मान और अवसरों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### दशकर्म में झड़प, पीके के सामने चले लाठी-डंडे

**वैशाली।** जिले के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र की रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला



में शनिवार को 13 बच्चों के दशकर्म कार्यक्रम के दौरान हिंसक झड़प हो गई। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की मौजूदगी में दो पक्षों में मारपीट में सत्तारूढ़ जदयू के प्रदेश सचिव अजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में चोट आई है।

### यूपी में वाल्मिकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित



किया है। प्रदेश में सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। वाल्मीकि जयंती देशभर में 26 अक्टूबर को मनाई जाएगी। सरकार की 2026 की अवकाश सूची में भी इस दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती का जिक्र है। अवकाश कैलेंडर में सार्वजनिक अवकाश दर्ज किया है।

### मादक पदार्थों की तस्करी में 6 तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मिजोरम और मणिपुर में चलाए गए एक समन्वित तलाशी अभियान में भारत-म्यांमा सीमा से



जुड़े मादक पदार्थों के 'हवाला' नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया है। इस कार्रवाई में 6लोगों को गिरफ्तार किया गया, 1,400 से अधिक बैंक खातों में लेनदेन पर रोक लगाई गई और लगभग 26 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी ने रविवार को जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री ने ओडिशा में आरबीआई के डेटा सेंटर का किया उद्घाटन

# विकास को बताया सरकार की प्राथमिकता, वित्तीय सेवाएं अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और प्रभावी होंगी



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भुवनेश्वर के जटनी (इन्फो वैली-2) में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 169 करोड़ रुपए के डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास का विस्तार ही हमारी प्राथमिकता है। साथ ही ये भी कहा कि भारत में अब गवर्नेंस की भूमिका बदल रही है।

### देश का विकास तभी संतुलित होगा, जब गांवों और छोटे शहरों को भी पर्याप्त अवसर मिलेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। करीब 169 करोड़ से तैयार इस सुविधा को देश की डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता विकास है और विकास का लाभ गांवों, छोटे शहरों तथा समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित, सक्रिय प्रशासन और सुशासन के मॉडल पर काम कर रही है। देश का विकास तभी संतुलित होगा, जब गांवों और छोटे शहरों को भी आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यह नया केंद्र डिजिटल वित्तीय सेवाओं को सुरक्षित, भरोसेमंद और प्रभावी बनाने में मदद करेगा। इससे बैंकिंग और भुगतान प्रणालियों को संचालित करने के लिए सुरक्षित तकनीकी आधार मिलेगा।



आरबीआई के डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री

**ओडिशा को दी बड़ी सौगात**

### जटनी स्थित इन्फो वैली-2 में बनाया गया, 18.55 एकड़ क्षेत्र में बना

आरबीआई का यह केंद्र ओडिशा के जटनी स्थित इन्फो वैली-2 में बनाया गया है। यह 18.55 एकड़ क्षेत्र में फैला है। इसकी आधारशिला 22 मार्च 2023 को तत्कालीन आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने रखी थी। इस परिसर में डेटा सेंटर के साथ साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान भी है। यहां महत्वपूर्ण भुगतान और निपटान प्रणालियों के साथ अन्य प्रमुख तकनीकी पहलों का संचालन किया जाएगा। डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ बैंकिंग व्यवस्था में डेटा की सुरक्षा भी जरूरी हो गई है। यह केंद्र वित्तीय आंकड़ों और तकनीकी प्रणालियों को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाएगा।

### डिजिटल बैंकिंग ने चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग ने देश के लोगों को चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाओं से जोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि अब ऐसे लोग भी बैंक से सस्ता और आसान कर्ज ले सकते हैं, जिनके पास गारंटी देने के लिए संपत्ति नहीं है।

**वित्तमंत्री सीतारमण ने भी किया संबोधित**

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे कारोबारियों को दी कर्ज की सुविधा, लोग लाभान्वित

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे कारोबारियों के लिए बैंक से कर्ज लेना आसान बनाया है। सूक्ष्म और छोटे उद्यमियों के लिए 60 करोड़ से अधिक बिना गारंटी वाले ऋण खातों में 43 लाख करोड़ से ज्यादा की राशि मंजूर की गई है।

### अब देश में 59 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले

सीतारमण ने बताया कि 2014 में हर परिवार को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। उनके अनुसार अब देश में 59 करोड़ से अधिक जनधन खाते हैं। इन खातों में सालाना शुल्क और न्यूनतम बैलेंस रखने की शर्त नहीं है।

**डेटा सेंटर डिजिटल युग की तिजोरी के समान:** डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर सुरक्षा का महत्व भी बढ़ा है। साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए बनाया गया है। वित्त मंत्री ने डेटा सेंटर को डिजिटल युग की तिजोरी जैसा बताया। सरकार ने 2022 में डेटा सेंटर को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया था।

### वित्तीय सेवाओं की होगी बढ़ोतरी

वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत में मौजूद डेटा सेंटरों से वैश्विक क्लाउड सेवाएं देने वाली विदेशी कंपनियों के लिए कर छूट की घोषणा की गई है। सरकार का लक्ष्य डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, ओडिशा के राज्यपाल ब्रजमोहन राम, सीएम मोहन चरण माझी, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम और उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव भी थे।

**पीएम मोदी का वाराणसी में स्वागत**



### उमड़ा जनसैलाब, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा नमो घाट

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में रविवार को वाराणसी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस लाइन से नमो घाट तक करीब सात किलोमीटर लंबे मार्ग पर लोगों ने पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से अपने काफिले के साथ नमो घाट पहुंचे, जहां उन्हें भारतीय वायुसेना के एयर शो में शामिल होना है।

- हाथ हिलाकर प्रधानमंत्री ने किया अभिवादन

इस दौरान लोगों में प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्रीका काफिला पुलिस लाइन से सांस्कृतिक संकुल, चौकाघाट, कज्जाकपुरा और राजघाट पुल होते हुए नमो घाट पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे और बड़ी संख्या में लोग बैरिकेडिंग के दोनों ओर खड़े होकर उनके आगमन का इंतजार कर रहे थे। भदऊचुंगी समेत कई स्थानों पर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। लोगों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री ने कुछ स्थानों पर वाहन से बाहर निकलकर हाथ हिलाते हुए उनका अभिवादन किया। इस दौरान उनके काफिले पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं और देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत किया गया।

### 'नमो-नमो' का उद्घोष किया

नमो घाट पहुंचने पर वायु सेना के अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गंगा तट पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 'नमो-नमो' के उद्घोष के बीच प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत के लिए जुटे लोगों में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल रहे। घाटों और आसपास के इलाकों में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री खोचवां में अरविंद मिल लिमिटेड की नई टेक्सटाइल इकाई का उद्घाटन कर चुके हैं। 7 एकड़ में स्थापित इकाई में परिधानों का उत्पादन किया जाएगा।

**अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन खत्म**

### मंत्री खट्टर ने शहरी परिवहन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

19वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन और प्रदर्शनी



2026 रविवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री, श्री मनोहर लाल ने समापन सत्र को संबोधित किया और शहरी परिवहन में उत्कृष्टता तथा सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए। 23-24 अक्टूबर को सम्मेलन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ओडिशा सरकार के सहयोग से इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट के माध्यम से आयोजित किया गया था। समापन सत्र में ओडिशा सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्री डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र, ओडिशा सरकार के आवासन एवं शहरी विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव उषा पाधी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी, नीति निर्माता, शहरी परिवहन विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए।

**नीति आयोग ने विकास पर दिया जोर**

### हम राज्य की राजधानियों से शहरों को नहीं चला सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने दूसरे राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन के



समापन सत्र में कहा कि विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए शहरी प्रशासन, योजना और वित्तपोषण में व्यापक सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भारत में चल रहे जनसांख्यिकीय और शहरी बदलाव के व्यापक दायरे पर जोर देते हुए गौबा ने बताया कि भारत की जनसंख्या कई दशकों तक बढ़ती रहेगी और 2060 के आसपास लगभग 165 करोड़ पर स्थिर हो जाएगी।

2050 तक भारत की लगभग आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने की उम्मीद है, जिससे शहरी जनसंख्या 85 करोड़ होने का अनुमान है। शहरी आबादी की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने शहरों की योजना बनाने, प्रशासन और वित्तपोषण के तरीकों में एक बुनियादी बदलाव की जरूरत होगी।

**ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर विवाद पर कांग्रेस का सवाल**

कांग्रेस नेता जयराम ने कहा

### जानकारी क्यों छिपा रहा चुनाव आयोग? सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर विवादित ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। पार्टी का दावा है कि



आयोग जानकारी को सार्वजनिक करने से इनकार कर रहा है, क्योंकि इससे एसआईआर प्रक्रिया में कथित तौर पर हुई बड़े पैमाने की और केंद्रीकृत गड़बड़ियों की सच्चाई सामने आ सकती है। विपक्षी दल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर रिपोर्ट साझा की। रिपोर्ट में दावा कियाईसीआई ने ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर के नाम और उसके संस्करण से जुड़ी जानकारी देने से मना कर दिया है।

### एआई का किया जा रहा इस्तेमाल

जयराम ने कहा कि आयोग विवादित ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी लगातार छिपा रहा है। इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर को केंद्रीकृत तरीके से अंजाम देने के लिए किया गया है।उन्होंने कहा, भारतीयों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेजके खुलासे से यह क्यों पता चला कि ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर उसी ने विकसित किया है?आयोग ने इस जानकारी का खुलासा क्यों नहीं किया? आयोग एसआईआर और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में एआई के इस्तेमाल से बार-बार इनकार क्यों कर रहा है?

**न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल**

# जस्टिस किशन कौल की किताब के हवाले से केंद्र पर निशाना साधा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल की किताब के हवाले से मोदी सरकार के कार्यकाल में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार की कथित दखलंदाजी, कॉलेजियम की प्रक्रिया और संवेदनशील मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ में बदलाव से जुड़े मुद्दों पर चिंता जताई है। रमेश ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि जस्टिस कौल ने अपनी किताब में न्यायाधीशों की नियुक्तियों को लेकर सरकार की भूमिका और न्यायपालिका के कामकाज से जुड़े कुछ अहम प्रसंगों का उल्लेख किया है। इन घटनाओं से न्यायपालिका की स्वायत्तता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर सवाल खड़े होते हैं। रमेश ने दावा किया कि न्यायाधीशों की नियुक्तियों के मामले में कॉलेजियम की बैठक से पहले ही सरकार की मंजूरी लेने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के एक न्यायाधीश के नाम पर उनकी जाति को लेकर सरकार की ओर से सवाल उठाए जाने का प्रसंग भी जस्टिस कौल ने दर्ज किया है। रमेश ने इन घटनाओं को न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप की आशंका से जोड़ते हुए चिंता व्यक्त की। रमेश ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के कथित रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि नियुक्तियों से पहले सरकार और मुख्य न्यायाधीश के बीच बातचीत होती है तथा नियुक्तियों की प्रक्रिया में सरकार की भूमिका रहती है, तो न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बहस और महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने इस मुद्दे पर पारदर्शिता और संवैधानिक मर्यादाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

### पीएमएलए मामले में पीठ के समक्ष उठे सवालों का भी उल्लेख

कांग्रेस नेता ने पीएमएलए से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि जस्टिस कौल ने अपनी अध्यक्षता वाली पीठ के फैसले के कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत से जुड़े घटनाक्रम का जिक्र किया है। रमेश के अनुसार, इस मामले को बाद में जस्टिस कौल से चर्चा किए बिना दूसरी पीठ के समक्ष भेज दिया गया था। उन्होंने इस घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के कामकाज और संवेदनशील मामलों की सुनवाई की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। रमेश ने कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्तियों पर यदि सरकार की मंजूरी का दबाव हो और संवेदनशील मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ में बदलाव को लेकर भी सवाल उठें, तो लोकतंत्र में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चर्चा जरूरी हो जाती है। उन्होंने इसे संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती से जुड़ा सवाल बताया।

### न्यायपालिका की स्वतंत्रता अनिवार्य

जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को सत्ता के दबाव से मुक्त होना चाहिए। लोकतंत्र में न्यायपालिका की स्वतंत्रता कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।

**पावर बैंक फटने से हड़कंप**

# मुंबई-हावड़ा मेल के एसी कोच में हुआ धमाका, यात्री सहमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



चलती ट्रेनों में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल यात्रियों की सुरक्षा के लिए चुनौती बनता जा रहा है। शनिवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के एसी कोच में एक यात्री का पावर बैंक फटने से आग लग गई और धुआं फैल गया। कोच में लगे फायर अलार्म के सक्रिय होते ही रेलवे कर्मियों का ध्यान घटना की ओर गया। संभावित खतरे को देखते हुए ट्रेन को रोकना पड़ा। हालांकि, स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। यह घटना चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा स्टेशन के पास की है। बताया जाता है कि इंजन से 14वें स्थान पर स्थित बी-3 कोच की बर्थ संख्या 6 पर एक यात्री का पावर बैंक फट गया। इससे आग लग गई और कोच में धुआं फैलने लगा। धुएं के कारण फायर अलार्म सिस्टम सक्रिय हो गया।घटना के बाद जांच में चेन पुलिंग की पुष्टि नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### दीपक रेड्डी बजाज जनरल इंश्योरेंस के सीईओ नियुक्त

**मुंबई/पुणे।** बजाज फिनसर्व लिमिटेड की एक महत्वपूर्ण गैर-सूचीबद्ध सहायक कंपनी बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड जिसे पहले बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने दीपक रेड्डी को कंपनी का मनोनीत सीईओ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति 1 जनवरी, 2027 से प्रभावी होगी। आईआरडीएआई की अप्रूवल के बाद, वे 1 अप्रैल, 2027 से कंपनी के एमडी और सीईओ का पद संभालेंगे।

### 100 शहरों में फ्रेंचाइजी खोलेगी ओआरएन वेंचर्स

**नई दिल्ली।** ट्रैवल कंपनी ओआरएन वेंचर्स देश के 100 शहरों में अपना फ्रेंचाइजी नेटवर्क बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के तहत स्थानीय कारोबारियों को अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल सेवाओं, हॉलिडे पैकेज और तकनीक आधारित सुविधाओं के जरिए कारोबार बढ़ाने का अवसर मिलेगा। कंपनी के फ्रेंचाइजी मॉडल में विदेश यात्रा की योजना बनाने से लेकर होटल में ठहरने, स्थानीय पर्यटन गतिविधियों और ग्राहक सहायता तक की सेवाएं शामिल हैं।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का मुनाफा करीब तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली ।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 196.5% बढ़कर 1,045 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने लगातार दूसरी तिमाही में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा दर्ज किया है। सितंबर 2026 में समाप्त पहली छमाही में बैंक का मुनाफा 2,120 करोड़ रुपये रहा।बैंक के कुल डिपॉजिट सालाना आधार पर 25.9% बढ़कर 3.49 लाख करोड़ रुपये हो गए। वहीं, कुल लोन और एडवांस 30.1% बढ़कर 3.47 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गए।

### साउथ एक्सटेंशन में मलाबार गोल्ड का शोरूम फिर खुला

**नई दिल्ली।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन में अपने शोरूम का विस्तार करने के बाद दोबारा शुभारंभ किया है। 15,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैले इस शोरूम में ब्राइडल ज्वेलरी, सोने और हीरे के आभूषणों के साथ खास डिजाइन वाले कलेक्शन भी उपलब्ध होंगे। शोरूम का उद्घाटन दिल्ली विधानसभा में आर.के. पुरम के विधायक अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के नॉर्थ रीजनल हेड जिशाद एन.के., शोरूम हेड थनसीर के.के. और कंपनी के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। कंपनी के अनुसार, विस्तारित शोरूम को ग्राहकों की खरीदारी को अधिक आरामदायक बनाने के लिए तैयार किया गया है। यहां पारंपरिक ब्राइडल ज्वेलरी से लेकर आधुनिक डिजाइनों तक के कई विकल्प मिलेंगे। कंपनी को उम्मीद है कि नए स्वरूप में शोरूम ग्राहकों को खरीदारी के लिए अधिक जगह और बेहतर अनुभव उपलब्ध कराएगा।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# आईटीआर फाइलिंग की बढ़ी तारीख, अंतिम दिन चूक गए तो लगेगा 5000 का जुर्माना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने उन करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर, 2026 कर दी है। यह उनके लिए है, जिनके खातों का टैक्स ऑडिट कराना अनिवार्य है। यह तारीख इन टैक्सपेयर्स के लिए बेहद अहम है क्योंकि अगर इन्होंने इस तारीख के बाद रिटर्न फाइल किया तो फिर भारी लेट फीस के साथ पेनाल्टी का सामना करना पड़ेगा।

- पहले आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2026 थी

पहले इन टैक्सपेयर्स के लिए आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर 2026 थी, जिसे सीबीडीटी ने त्योहारी सीजन और काम के भारी दबाव को ध्यान में रखते हुए 21 दिन आगे बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 कर दिया था।

## आईटी दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 कर दी गई

### किन्हें 21 नवंबर को भरना होगा आईटीआर

ऐसे करदाता जिनकी आय व्यापार या पेशेवर सेवाओं से होती है और जिन्हें ऑडिट रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य है, उन्हें जुर्माने और टैक्स नोटिस से बचने के लिए 21 नवंबर तक अपना रिटर्न दाखिल करना होगा। इनमें घरेलू और विदेशी कंपनियां, ऐसे बड़े कारोबारी जिनका सालाना टर्नओवर 1 करोड़ रुपये से ज्यादा है, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), वकील, आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स जैसे पेशेवर, जिनकी सालाना ग्रॉस रिसीट्स 50 लाख रुपए से अधिक या चुनिंदा मामलों में 75 लाख रुपए है।




*अनिवार्य लेट फीस देनी होगी: आयकर अधिनियम की धारा 234एफ के तहत, 21 नवंबर के बाद रिटर्न दाखिल करने पर आपको अनिवार्य लेट फीस देनी होगी। अगर आपकी कुल सालाना कर योग्य आय 5 लाख से अधिक है, तो 5,000 रुपए की लेट फीस होगी। अगर सालाना आय 5 लाख या उससे कम है, तो 1,000 रुपए की लेट फीस लगेगी।*

### अगर डेडलाइन से चूक गए तो क्या होगा?

अगर आप 21 नवंबर की समय-सीमा चूक जाते हैं, तो भी आपके पास आयकर अधिनियम की धारा 139(4) के तहत 'बिलेटेड रिटर्न' दाखिल करने का विकल्प रहता है। असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आयकर विभाग का कहना है कि बिलेटेड रिटर्न 31 दिसंबर, 2026 तक या असेसमेंट पूरा होने से पहले- जो भी पहले हो- दाखिल किया जा सकता है।

### किन्हें इस तारीख को नहीं भरना होगा आईटीआर

नौकरीपेशा लोगों और आम व्यक्तिगत करदाताओं, जिन्हें ऑडिट की जरूरत नहीं होती, उनके के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 को ही समाप्त हो चुकी है। इसके अलावा, छोटे कारोबारी, जो धारा 44एडी या 44एडीए के तहत अनुमानित कर योजना का लाभ उठाते हैं और ऑडिट नहीं कराते, उनके लिए भी यह डेडलाइन लागू नहीं है।

**द. अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक परिसंपत्तियों की तलाश**

**खोज में लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और महत्वपूर्ण खनिज शामिल**

**कंपनी का उद्देश्य कच्चे माल संबंधी जरूरतों को पूरा करना**

### एनएमडीसी के चेयरमैन मुखर्जी ने रणनीति की पुष्टि की थी

# कारोबार में विविधता लाना चाहती है एनएमडीसी, 4 महाद्वीपों पर तलाश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*देश की सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी अब अपने कारोबार में विविधता लाने का प्रयास कर रही है। कंपनी दक्षिण अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक चार महाद्वीपों में खनन परिसंपत्तियों की तलाश कर रही है। इनमें लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और महत्वपूर्ण खनिज जैसे खनिज के भंडार भी शामिल हैं।*

कंपनी का उद्देश्य भविष्य में वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और इस्पात जैसे तेजी से बढ़ते उद्योगों की कच्चे माल संबंधी जरूरतों को पूरा करना है।

उद्योग जगत के सूत्रों के अनुसार, एनएमडीसी चिली, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, ब्राजील और एशिया के कुछ हिस्सों में लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और महत्वपूर्ण खनिज के खनन क्षेत्रों की संभावनाएं तलाश रही है।

### चूना पत्थर, डोलोमाइट, कोयला ब्लॉक की खोज

इसके अतिरिक्त, कंपनी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, भूटान और ऑस्ट्रेलिया में चूना पत्थर, डोलोमाइट, कोकिंग कोयला और टंगस्टन के खनन ब्लॉक की भी खोज कर रही है। वर्तमान में एनएमडीसी भारत की लौह अयस्क मांग का लगभग एक-चौथाई हिस्सा पूरा करती है। हालांकि, कंपनी अब लौह अयस्क पर अपनी निर्भरता कम करते हुए खनिज कारोबार के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है।

### देश की सबसे बड़ी खनन कंपनी

इससे पहले एनएमडीसी के चेयरमैन अमिताव मुखर्जी ने भी कंपनी के कारोबार में विविधता लाने की रणनीति की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा था कि एनएमडीसी देश की सबसे बड़ी खनन कंपनी बनने के साथ-साथ लौह अयस्क से इतर खनिजों से भी उल्लेखनीय राजस्व अर्जित करना चाहती है।

### कंपनी का 99 फीसदी कारोबार लौह अयस्क पर आधारित

कंपनी ने भविष्य में अपने कुल राजस्व का कम से कम 20 प्रतिशत लौह अयस्क के अलावा अन्य खनिजों की बिक्री से हासिल करने का लक्ष्य रखा है। एनएमडीसी ने इस संबंध में कहा, ''फिलहाल हमारा कारोबार 99.9 प्रतिशत लौह अयस्क पर आधारित है। हमारा लक्ष्य देश के तेजी से बढ़ते उद्योगों की अधिकतम खनिज जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है।




### रक्षा उत्पादन में इस्पात की मांग बढ़ सकती है

सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, सेमीकंडक्टर विनिर्माण, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन तथा औद्योगिक गलियारों के विकास से देश में विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार की उम्मीद है। इससे वाहन उद्योग, इंजीनियरिंग उत्पादों, मशीनरी, जहाज निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और रक्षा उत्पादन में इस्पात की मांग बढ़ सकती है।

### लागत में कच्चे माल की हिस्सेदारी 65 से 70 फीसदी

*इस्पात क्षेत्र के लिए भी कच्चे माल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। इस्पात मंत्रालय के इस्पात नीति दृष्टिकोण के मसौदे, 2047 के अनुसार, इस्पात उत्पादन की कुल लागत में कच्चे माल की हिस्सेदारी लगभग 65 से 70 प्रतिशत होती है। नीति में घरेलू खनन बढ़ाने, कोल वॉशरी के विस्तार, खनन परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कोयला मिश्रण अनुकूलन के माध्यम से आयात निर्भरता घटाने पर जोर दिया गया है।*

# कच्चा तेल 120 डॉलर के करीब पहुंचने की आशंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- खाड़ी तनाव से कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका
- फेड का फैसला नई दिशा तय करने में होगी अहम भूमिका

पश्चिम एशिया में बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर अगले सप्ताह भी जारी रहने की आशंका है। इससे आपूर्ति बाधित होने की चिंताएं बनी हुई हैं। वहीं, अमेरिकी फेडरल रिजर्व का मौद्रिक नीति संबंधी फैसला बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 117 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बीच निवेशकों की नजर होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम, ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की आशंकाओं और अमेरिका के साप्ताहिक भंडार आंकड़ों पर रहेगी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान और अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन अपने साप्ताहिक भंडार के अनुमान जारी करेंगे। इसके अलावा, कुशिंग में कच्चे तेल का भंडार और 27-28 अक्टूबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक भी बाजार के लिए अहम रहेगी। निकट अवधि में कीमतों का रुख तेजी का है, लेकिन यह काफी हद तक खबरों से प्रभावित होगा।

### अमेरिकी चुनाव के बाद निशाने पर ईरान

दमानी ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा तीन नवंबर को होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे, जिसमें नतांज के पास स्थित परमाणु प्रतिष्ठान भी शामिल हैं, को निशाना बनाने की योजना तैयार किए जाने संबंधी खबरों ने भी चिंता बढ़ाई है।

### विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 48,056 करोड़

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 48,056 करोड़ रुपये निकाले हैं। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, महंगाई की चिंता और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। हालांकि, पिछले सप्ताह के दौरान उनकी बिकवाली की रफ्तार में उल्लेखनीय कमी आई और दो कारोबारी सत्रों में वे शुद्ध खरीदार भी रहे। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में भारतीय शेयरों से 35,861 करोड़ रुपये निकाले थे। इससे पहले जुलाई में उन्होंने 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में 29,631 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वर्ष 2026 में भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 3.08 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में सूचीबद्धता, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक 28 अक्टूबर को जारी होने वाले सितंबर के औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस सप्ताह टीवीएस मोटर, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडियन ऑयल, बैंक ऑफ बड़ौदा और गेल इंडिया समेत कई कंपनियां अपने वित्तीय परिणाम घोषित करेंगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 28 अक्टूबर को होने वाली ब्याज दर संबंधी घोषणा इस सप्ताह वैश्विक बाजारों के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम रहेगी। निवेशक ब्याज दर पर फैसले के साथ ही फेडरल रिजर्व के नीतिगत बयान और अधिकारियों की टिप्पणियों का विश्लेषण करेंगे, ताकि भविष्य में ब्याज दर की दिशा का संकेत मिल सके।

- अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर होगी नजर
- जियो की सूचीबद्धता प्रभावित करेगी बाजार

# सराफा कारोबारियों की नजर फेड के नीतिगत फैसले पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- महंगाई की चिंता बढ़ने से सराफा कर रहा नई बाधा का सामना
- ऊंचे बांड प्रतिफल और डॉलर के मजबूत होने से सराफा पर दबाव

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से महंगाई की चिंताएं बढ़ने के कारण अगले हफ्ते सोने और चांदी को नई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीति फैसले से यह तय हो सकता है कि सर्राफा कीमतें स्थिर होंगी या अपनी गिरावट के रुख को और बढ़ाएंगी।

ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल और मजबूत डॉलर से पहले ही कीमती धातुओं पर दबाव है। अब सर्राफा कारोबारियों की नजर फेडरल रिजर्व की 27-28 अक्टूबर को होने वाली बैठक पर रहेगी। इसके अलावा यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ जापान के नीतिगत फैसलों के साथ ही अमेरिका में टिकाऊ सामानों के ऑर्डर, उपभोक्ता विश्वास, व्यक्तिगत उपभोग व्यय और तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों पर भी ध्यान रहेगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''निकट अवधि का नजरिया सतर्क बना हुआ है, और फेडरल रिजर्व के नीतिगत मार्ग पर अधिक स्पष्टता मिलने तक सोने पर दबाव रहने की संभावना है। आगामी निर्णय यह तय कर सकता है कि कीमतें मौजूदा स्तरों के आसपास स्थिर होंगी या गिरावट को आगे बढ़ाएंगी।''

### सोना दिसंबर वायदा चार फीसदी गिरकर 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ

घरेलू बाजारों में यह दबाव स्पष्ट था, जहां मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना वायदा पिछले हफ्ते 5,768 रुपये या लगभग चार प्रतिशत गिरकर 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी में और भी अधिक गिरावट आई, जो दो लाख रुपये के निशान से नीचे फिसल गई और 15,087 रुपये या 7.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.96 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### अगले हफ्ते निवेश के लिए तीन कंपनियों का आईपीओ

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए अगले हफ्ते कमाई का नया मौका मिलने जा रहा है। 26 से 30 अक्टूबर 2026 के बीच पांच कंपनियां अपना आईपीओ लेकर आ रही हैं। शेयर बाजार से 2600 करोड़ रुपए जुटाना है। इस लिस्ट में ईएएए इंडिया अल्टरनेटवि, एसएफसी इनवायरमेंटल टेक्नोलॉजी, बीएलएस पॉलमिर्स, एमके सन्स फाइन ज्वेल्स और बम्बई कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स शामिल हैं। इन आईपीओ के जरिए निवेशकों को अलग-अलग कारोबार से जुड़ी कंपनियों में निवेश करने का मौका मिलेगा। हालांकि, आईपीओ में पैसा लगाने से मुनाफे की गारंटी नहीं होती। लिस्टिंग के दिन शेयर इश्यू प्राइस से ऊपर भी जा सकता है और नीचे भी। वित्तीय स्थिति और आईपीओ की शर्तें समझना जरूरी है।

- निवेश के लिए 26 से 30 अक्टूबर 2026 के बीच लेकर आ रही निर्गम

### ईएएए इंडिया अल्टरनेटवि आईपीओ

ईएएए इंडिया अल्टरनेटवि का आईपीओ 26 अक्टूबर को खुलेगा और 28 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी ने प्रति शेयर 1,585 से 1,665 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। इस इश्यू के जरिए करीब 1,200 करोड़ रुपये जुटाए जाने हैं। यह इश्यू पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) है। यानी इसमें मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर बेचेंगे और आईपीओ से मिलने वाली रकम कंपनी के बजाय शेयर बेचने वाले शेयरधारकों को जाएगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6389



**बाएँ से दाए-**

1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त, मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली -6388 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | वि | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |





# 13 वर्षीय ओजस्वनी ने रचा इतिहास

## इंडियन ओपन के कट में प्रवेश

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

भारत की 13 वर्षीय गोल्फर ओजस्वनी सारस्वत ने महिला यूरोपीय टूर (एलईटी) प्रतियोगिता इंडियन ओपन के कट में जगह बनाकर पहले ही इतिहास रच दिया है और अब उनका लक्ष्य विश्व में नंबर एक खिलाड़ी बनने और अपने आदर्श नीरज चोपड़ा की तरह ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। ओजस्वनी महिला गोल्फ के इतिहास में एलईटी प्रतियोगिता में कट बनाने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।

उनसे पहले आरिया जुतानगर्न ने 2008 में 12 साल की उम्र में फिनएयर मास्टर्स के कट में जबह बनाकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

### विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना लक्ष्य

*ओजस्वनी ने कहा, 'कट में जगह बनाकर मैं बहुत खुश हूं। यह तो बस शुरुआत है। मेरा लक्ष्य भारत में और फिर विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना है। मैं एक दिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं भारत की ध्वजवाहक बनना चाहती हूं और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं। यह मेरा सबसे बड़ा सपना है।'*

### नीरज चोपड़ा मेरे प्रेरणास्रोत : ओजस्वनी

*ओजस्वनी ने कहा, 'नीरज चोपड़ा मेरे प्रेरणास्रोत हैं क्योंकि वह ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। मैंने उनकी मानसिकता को समझा है। मुझे लगता है कि सभी खेल काफी हद तक एक जैसे होते हैं और इसलिए मानसिकता भी लगभग एक जैसी ही होती है। जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता तो वह मेरे प्रेरणास्रोत बन गए।'*

# जापान ओपन की नई क्वींन बनीं कैटरीना

## फाइनल में यूएसए की एशलिन क्रूगर को हराया



एजेंसी ▶▶ ओसाका

चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने रविवार को सीधे सेटों में जीत हासिल करने जापान ओपन के रूप में तीन साल में अपना पहला एकल खिताब जीता। सिनियाकोवा ने फाइनल में एशलीन क्रूगर को आसानी से 6-1, 6-0 से हराया। यह मैच 64 मिनट तक चला।

### लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले किया अपने नाम

मैच में शुरुआती बढ़त 2-1 होने के बाद सिनियाकोवा ने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। डबल्स रैंकिंग में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सिनियाकोवा ने 16 विनर्स लगाए, जबकि उन्होंने 19 अनफोर्स्ड एरर (बिना दबाव की गई गलतियां) कीं। वहीं, अपने तीसरे डब्ल्यूटीए टूर-लेवल फाइनल में खेल रहीं एशलिन क्रूगर 10 विनर्स ही लगा सकीं और उनसे 34 अनफोर्स्ड एरर हुए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। तीन वर्षों में यह सिनियाकोवा का पहला टूर-लेवल सिंगल्स फाइनल था। वह 2016 में 'जापान विमेंस ओपन' (मौजूदा टूर्नामेंट का ही पुराना रूप) में उपविजेता रही थीं, इस तरह 10 साल बाद वह फिर से यहां फाइनल में पहुंचीं।

### मैंने सच में मैच का आनंद लिया

सिनियाकोवा ने कहा, मुझे याद नहीं कि मैंने आखिरी बार कब इतना अच्छा खेला था। सब कुछ मेरे पक्ष में हो रहा था, इसलिए मैंने सच में इसका आनंद लिया। मुझमें बहुत आत्मविश्वास था। मैंने जिस तरह से खेला, उस पर मुझे बहुत गर्व है।

## 1 घंटा 16 मिनट चले मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को दी मात

# निंगबो ओपन में रयबाकिना का दबदबा जीता साल का शानदार चौथा खिताब



एजेंसी ▶▶ निंगबो

दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एलेना रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को हराकर 'निंगबो ओपन' खिताब बरकरार रखा। रविवार को निंगबो स्थित सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को 6-2, 6-2 से मात दी।

यह मुकाबला 1 घंटा 16 मिनट तक चला। इस जीत के साथ रयबाकिना ने इस साल अपना चौथा खिताब जीता। रयबाकिना ने मैच के दौरान वर्ल्ड नंबर-30 खिलाड़ी फर्नांडीज की सर्विस को चार बार तोड़ा (हर सेट में दो-दो बार), और इस तरह निंगबो में लगातार दूसरी बार खिताब जीता।

### बेहतरीन फॉर्म में रयबाकिना

कजाकिस्तान की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना को पहले सेट की शुरुआत में थोड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें लगातार ब्रेक प्वाइंट्स बचाने पड़े। हालांकि, उन्होंने शानदार खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी रयबाकिना बेहतरीन फॉर्म में दिखीं और अपना दबदबा बनाए रखा। वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी ने दूसरे सेट में फर्नांडीज की सर्विस दो बार तोड़ी और आसानी से मैच जीत लिया।



### यहां का माहौल शानदार : एलेना

खिताबी जीत के बाद रयबाकिना ने कहा, आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यहां का माहौल शानदार है। आप लोगों के सामने खेलकर बहुत अच्छा लगता है। आप लोग हमेशा मुझे खेलते रहने के लिए काफी प्रेरणा और ऊर्जा देते हैं। यहां खेलते हुए यह मेरा दूसरा साल है और यह मेरी दूसरी जीत है। यह जगह मेरे लिए बहुत खास है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

### एलेना के कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब

यह इस सीजन में उनका चौथा खिताब है और उनके कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब है। अब उनके नाम सात डब्ल्यूटीए 500 ट्रॉफी हो गई हैं, जिनमें से दो निंगबो में जीती गई हैं। इससे पहले, इस साल रयबाकिना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टटगार्ट और यूएस ओपन जीता था। फ्लशिंग मीडोज (यूएस ओपन) के दौरान ही वह 'वर्ल्ड नंबर 1' खिलाड़ी बनी थीं। यह कनाडाई खिलाड़ी के खिलाफ रयबाकिना की लगातार तीसरी टूर-लेवल जीत है। 'हेड-टू-हेड' मुकाबलों में अब रयबाकिना 4-2 से आगे हैं। कजाख खिलाड़ी ने पिछले साल निंगबो में भी जीत हासिल की थी और अब वह एशियन डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में लगातार 8 जीत (8-0) के सिलसिले पर हैं।

## अल्माटी ओपन : युकी ने जीता युगल का खिताब

**अल्माटी।** भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने अमेरिका के अपने जोड़ीदार रयान सेगरमैन के साथ मिलकर अल्माटी ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। भारत और अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और नील ओबरलीट्नर की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल में 7-6(3), 6-7(1), 10-2 से हराया। भांबरी का यह वर्ष 2026 का पहला एटीपी टूर खिताब है। यह एटीपी टूर पर उनका करियर का कुल पांचवा युगल खिताब है। भांबरी ने इससे पहले 2023 में मालोर्का में, 2024 में गस्टाड और म्यूनिख में और 2025 में एटीपी 500 दुबई टूर्नामेंट में एटीपी 250 खिताब जीते थे। न्यूजीलैंड के अपने साथी माइकल वीनस के साथ एटीपी 250 जिनेवा ओपन में उपविजेता रहने के बाद 34 वर्षीय भांबरी का एटीपी टूर्नामेंट में यह इस सत्र का दूसरा फाइनल था। भांबरी फरवरी में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 18 पर पहुंचे थे लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा, जिससे वह शीर्ष 40 से बाहर हो गए।



## खबर संक्षेप

### 22 नवंबर को असम राइफल्स हाफ मैराथन

**नई दिल्ली।** असम राइफल्स की छठी हाफ मैराथन 22 नवंबर को शिलांग में आयोजित की जाएगी, जिसमें रिकॉर्ड भागीदारी होने की उम्मीद है। असम राइफल्स हाफ मैराथन (एआरएचएम) के दौरान शिलांग में सरकार, सशस्त्र बलों और विभिन्न क्षेत्रों से कई गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। इस हाफ मैराथन में 12 से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 4000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग वर्गों पांच किमी, 10 किमी और 21 किमी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसकी पुरस्कार राशि 25 लाख रुपए है। यह घोषणा दिल्ली कैंट स्थित असम राइफल्स कार्यालय में उद्घाटन समारोह के दौरान की गई। असम राइफल्स हाफ मैराथन की शुरुआत 2021 में की गई थी।

### कश्मीर मैराथन में शामिल हुए सैकड़ों प्रतिभागी

**श्रीनगर।** कश्मीर मैराथन के तीसरे सत्र में रविवार को सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया, जिसे जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़े एथलेटिक्स आयोजनों में से एक माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी के दृढ़ संकल्प और जज्बे का भी उत्सव मनाया गया।

फ्रेंच ओपन

## खिताबी मुकाबले में चूकीं सिंधू आन से यंग बनीं चैंपियन



एजेंसी ▶▶ पेरिस

पीवी सिंधू ने रविवार को 9.5 लाख अमेरिकी डॉलर के फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से तीन गेम में हारकर उपविजेता रहीं। भारतीय खिलाड़ी को ओलंपिक चैंपियन आन से यंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ आन ने अपना चौथा फ्रेंच ओपन खिताब और इस सत्र का 11वां खिताब अपने नाम किया।

### 20 मिनट में जीता पहला गेम

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और अपनी लंबाई तथा आक्रामक शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए 20 मिनट में पहला गेम जीत लिया। उनके करियर में यह केवल दूसरी बार था जब वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ कोई गेम जीतने में सफल रही थीं। हालांकि आन के खिलाफ 11 मुकाबलों में वह अब तक उन्हें एक बार भी नहीं हरा पाई हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच नेट पर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एक समय स्कोर 4-4 से 7-7 तक पहुंच गया। ऐसे ही एक रैली के दौरान आन के शॉट पर शटल सिंधू के चेहरे पर जा लगी। ब्रेक तक सिंधू ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने अपनी लंबाई का अच्छा फायदा उठाया और जल्द ही स्कोर 15-11 कर दिया।

### एशिया कप राइजिंग में भिड़ेंगे भारत और पाक, 22 नवंबर को मुकाबला



दुबई। भारत ए 19 नवंबर से दोहा में शुरू होने वाले 50 ओवर के एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में 22 नवंबर को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान टूर्नामेंट में अपनी ए टीमें उतारेंगे, जबकि नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और हांगकांग के अपनी सबसे मजबूत टीमें भेजने की संभावना है। भारत ए को पाकिस्तान ए, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग ग्रुप ए में हैं। भारतीय टीम 20 नवंबर को नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद उसका सामना पाकिस्तान ए (22 नवंबर) और यूएई (24 नवंबर) से होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2013 में एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप के रूप में हुई थी। अब तक इसके सात टूर्नामेंट आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें भारत ने केवल एक बार जीत हासिल की है। ओमान में 5 से 14 नवंबर तक होने वाले अंडर-19 एशिया कप में भी भारत और पाकिस्तान 8 नवंबर को आमने-सामने होंगे।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 121 रन से हराकर शृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई

## हरमनप्रीत और दीप्ति के शतक, वैष्णवी को चार विकेट

भाषा ▶▶ वडोदरा

हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के शानदार शतक के बाद वैष्णवी शर्मा की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को यहां जिम्बाब्वे को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 121 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 329 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिकवा (49), चिपो मुगेरी तिरिपानो (46) और बिलव्ड बिजा (34) की उम्दा पारियों के बावजूद 48.5 ओवर में 207 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अपना दूसरा एकदिवसीय मैच खेल रही वैष्णवी ने 39 रन देकर चार जबकि ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले हरमनप्रीत (121 गेंद में 126 रन, 15 चौके) और दीप्ति शर्मा (86 गेंद में नाबाद 106 रन, 15 चौके) के शतक और दोनों के बीच पांचवें विकेट की 153 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 328 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। हरमनप्रीत ने टीम की खराब शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (67 गेंद में 61 रन) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 124 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे ने शुरुआती 10 ओवर में लॉरिन फिरी (06) का विकेट गंवाकर 47 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की। फिरी को नौवें ओवर में श्री चरणी ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। मुपाचिकवा हालांकि अच्छी लय में नजर आईं। उन्होंने सयाली सतघरे की पारी की शुरुआती दो गेंद पर चौका मारा और फिर जिंतिमणि कलीता पर भी लगातार दो चौके मारे।



## करण सिंह ने हासिल किया साल का चौथा खिताब

# आईटीएफ टेनिस टूर एम25 के चैंपियन बने करण

एजेंसी ▶▶ मुंबई

करण सिंह ने आईटीएफ सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। रविवार को कूपरेज स्थित महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में आयोजित 30,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले 'आईटीएफ मेंस वर्ल्ड टेनिस टूर एम25' टूर्नामेंट में उन्होंने सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त करण ने फाइनल में अपनी एकेडमी के साथी खिलाड़ी दिग्विजय प्रताप सिंह को हराया। दूसरे सेट में जब करण 7-5, 3-1 से आगे चल रहे थे, तब दिग्विजय को मैच से रिटायर होना पड़ा। यह 2026 सीजन में करण का चौथा खिताब है। 23 वर्षीय खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से बेहतरीन फॉर्म में हैं। मुंबई में मिली यह जीत पिछले दो महीनों में उनका दूसरा खिताब है और वे इस दौरान चौथी बार फाइनल में पहुंचे हैं।




### पहला सेट में हुई कड़ी टक्कर

आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला सेट काफी कड़ा रहा। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस सेट में आखिरकार करण ने बाजी मारी और इसे 7-5 से जीत लिया। इसी लय को बरकरार रखते हुए, करण ने दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली थी। तभी दुर्भाग्यवश, 1 घंटे 32 मिनट के खेल के बाद दिग्विजय को मैच से हटना पड़ा, जिससे करण को आधिकारिक तौर पर चैंपियनशिप ट्रॉफी मिल गई।

### पूरे टूर्नामेंट में नहीं गंवाया सेट

मुंबई में खेले गए पूरे टूर्नामेंट के दौरान करण ने एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने 'राउंड ऑफ 32' में नितिन कुमार सिन्हा को 6-4, 6-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। 'राउंड ऑफ 16' में उन्होंने शानदार सर्विस का प्रदर्शन किया और क्वालीफायर आदिल कल्याणपुर को 1 घंटे 38 मिनट में 7-5, 6-3 से हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत के मैच से हटने (3-4 रिटायर्ड) के बाद आगे बढ़े करण ने सेमीफाइनल में चिराग दुहन के खिलाफ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सर्विस पर 100 प्रतिशत होल्ड रेट बनाए रखा। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने दुहान को 6-3, 6-2 से हराया और केवल 1 घंटे 19 मिनट में फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

# विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप 2026 हिसार की मेघा ने फाइनल में बनाई जगह

**रोहतक।** मोंटेनेग्रो के बुडवा में चल रही 2026 विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की युवा मुक्केबाज मेघा ने सेमीफाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान की मीरीम छायनीबेकोवा को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस जीत के साथ ही मेघा ने भारत के लिए पदक पक्का कर लिया है और अब उनकी नजर स्वर्ण पदक पर होगी। यह प्रतियोगिता 14 से 28 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस शानदार उपलब्धि पर



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मेघा शेयोकंद और भारतीय दल को बधाई दी। मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि "हरियाणा के मुक्केबाज अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और जज्बे के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम लगातार रोशन कर रहे हैं। संघ की प्राथमिकता खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर बेहतर सुविधाएं, विश्वस्तरीय ट्रेनिंग और हर संभव सहयोग प्रदान करना है ताकि वे ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े मंचों पर देश के लिए स्वर्ण पदक जीत सकें।

### पहाड़ों में बदला मौसम,हिमाचल में दो किमी रास्ता बर्फ से ढंका उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में भी बढ़ेगी ठंड

# 13,500 फीट की ऊंचाई पर जमने लगी मणिमहेश झील, यमुनोत्री और केदारनाथ में भी हुई बर्फबारी

- ग्लेशियर पॉइंट से डल झील तक दो किलोमीटर रास्ता बर्फ से ढंका, श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की सलाह
- उत्तराखंड के पांच पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार, मैदानी इलाकों में भी गिरेगा पारा
- मणिमहेश में पांच से छह बार हो चुकी बर्फबारी, 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हिमपात की संभावना
- 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने का अनुमान, 30 अक्टूबर से फिर बदलाव के संकेत

एजेंसी ▶▶ देहरादून

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ने करवट ले ली है। हिमाचल के चंबा जिले में समुद्र तल से करीब 13,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र मणिमहेश डल झील का बड़ा हिस्सा जमने लगा है। झील के किनारे स्थित चतुर्मुखी शिवलिंग पर करीब छह इंच बर्फ जम चुकी है। वहीं, उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम और केदारनाथ में भी शनिवार दोपहर बाद बर्फबारी हुई।


केदारनाथ में बर्फ गिरने लगी


रास्तों पर जमी बर्फ


मणिमहेश झील जमने लगी

## ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार

उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार, 25 अक्टूबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और बर्फबारी भी हो सकती है। मौसम में इस बदलाव से पहाड़ी क्षेत्रों के साथ मैदानी इलाकों के तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की संभावना है।

### 29 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 30 अक्टूबर से मौसम के मिजाज में फिर बदलाव हो सकता है। वहीं, मणिमहेश यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को बर्फबारी और फिसलन के बीच विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। खासकर राधाष्टमी के बाद यात्रा करने वालों को निकलने से पहले मौसम की स्थिति और प्रशासन के निर्देशों की जानकारी लेनी चाहिए। बर्फ से ढके रास्तों पर परिस्थितियों का आकलन किए बिना आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### जंग हो न हो, हम नीति नहीं बदलेंगे: ईरान

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में एक बार फिर युद्ध की आशंकाओं के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास



अराघची ने कहा है कि चाहे कोई और युद्ध छिड़े या न छिड़े, ईरान की नीतियां वैसी ही बनी रहेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका या कोई अन्य देश दोबारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई करने की कोशिश करता है, तो यह पूरी तरह अविवेकपूर्ण कदम होगा। अराघची ने एक कार्यक्रम में दावा किया कि 40 दिनों तक चले युद्ध के बाद होर्मुज की स्थिति पहले जैसी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष ने क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था में बुनियादी बदलाव ला दिया है।

### यात्री बस और ट्रक की टक्कर में 22 की मौत

**नैरोबी।** केन्या के मुख्य राजमार्ग पर रविवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक के बीच हुई भीषण



टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। माकुएनी काउंटी कमिश्नर अब्दुल्लाही खलीफ ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस में सवार यात्री एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना घटी।

### फायरिंग का आरोपी अस्पताल में छिपा था

**इंदौर।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार 22 वर्षीय प्रांजल ठाकरान



पुलिस से बचने के लिए इंदौर के एक अस्पताल में रात बिताता था। हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रांजल पिछले पांच दिनों से इंदौर में था। वह मालवा मिल चौराहे स्थित अंकुर स्टेप डाउन सेंटर में भर्ती पैरालिसिस पीड़ित भाई से मिलने जाता था और रात में विजिटर्स रूम में ठहरता था। उसके भाई की यहां फिजियोथेरेपी चल रही थी। प्रांजल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिस्तौल, बंदूक और कारतूस के साथ वीडियो मिले हैं।

### फ्रांस की सड़कों पर उतरे 8 लाख लोग

# फ्रांस-इटली और स्पेन समेत यूरोप के कई देशों में हुए हिंसक प्रदर्शन

**फ्रांस में हिंसक झड़प के बाद 1000 के करीब गिरफ्तार**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोप के कई देशों में वीकेंड पर महंगाई, आवास संकट, पेंशन कटौती, शिक्षा व्यवस्था में गिरावट, भ्रष्टाचार और युद्ध के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। शनिवार रविवार को फ्रांस, अल्बानिया, इटली, स्पेन और पुर्तगाल में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। कई शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हिंसक झड़पें हुईं, जिसके बाद सरकारों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी और कुछ स्थानों पर सेना तक को तैनात करना पड़ा। फ्रांस में शनिवार को हुए प्रदर्शनों के दौरान भारी तनाव देखा गया। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज के अनुसार, देशभर में लगभग 1000 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सरकार के अनुमान के मुताबिक करीब 4.10 लाख लोगों ने इन रैलियों में हिस्सा लिया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या लगभग 8 लाख बताई। पेरिस में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले दागे।

#### अल्बानिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा

अल्बानिया की राजधानी तिराना समेत कई शहरों में छात्रों के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब शिक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोशित थे।उन्होंने ट्यूशन फीस कम करने और शिक्षा बजट बढ़ाने की मांग के साथ-साथ प्रधानमंत्री एडी रामा के इस्तीफे की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कृषि मंत्रालय के प्रवेश द्वार पर आग लगा दी, तथा पुलिस पर पत्थर और पटाखे फेंके। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए दंगा रोधी पुलिस ने आंसू गैस, वॉटर कैनन और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। **इटली में सेना के 500 अतिरिक्त जवान तैनात:** इटली के मिलान, रोम, ट्यूरिन, नेपल्स और फ्लोरेंस जैसे शहरों में युवाओं ने कई सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर मार्च निकाला। पुलिस ने आठ शहरों से 9 लोगों को गिरफ्तार किया और 371 लोगों को अस्थायी तौर पर हिरासत में लिया, जिनमें 110 नाबालिग शामिल थे।

#### स्पेन में पेंशन और आवास संकट को लेकर प्रदर्शन

स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों पेंशनभोगियों और आम नागरिकों ने सार्वजनिक पेंशन प्रणाली की सुरक्षा और महंगाई के अनुसार पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने न्यूनतम पेंशन को न्यूनतम वेतन के बराबर करने, महिला-पुरुष पेंशन अंतर को खत्म करने और पेंशन के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई।

### विदेश मंत्री एस.जयशंकर की दो टूक

# आतंकवाद पालने वाले देशों पर कसे शिकंजा युद्ध नहीं बातचीत से निकलेगा शांति का रास्ता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद और दुनिया में चल रहे संघर्षों को लेकर कड़ा संदेश दिया है। दिल्ली में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए बड़ा खतरा है और इसे किसी भी हाल में राज्य की नीति का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता।

दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला युद्ध पूरी दुनिया की शांति को प्रभावित करता है। मौजूदा समय में चल रहे दो बड़े संघर्षों के बीच भारत का स्पष्ट मत है कि बातचीत और कूटनीति के जरिए ही विवादों का समाधान निकाला जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता, युद्ध रोकने के लिए बातचीत और कूटनीति तथा दुनिया में शांति और समान विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा

- एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ सकते
- लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग जरूरी
- भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को एकजुट होने की जरूरत बताई

#### आतंकवाद से मिल चुके कई सबक

*इसके पीछे कोई तर्क या बहाना स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं, क्योंकि कुछ देश इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को ज्यादा महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में आतंकवाद के खतरों से जुड़े कई सबक मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ देश अपने फायदे के हिसाब से फैसले लेते हैं। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया आतंकवाद के खिलाफ ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति दिखाए। सभी देशों को मिलकर इसके हर रूप और तरीके का मुकाबला करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी वैश्विक शांति के प्रयासों को कमजोर करती है।*

#### वैश्विक चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों का किया जिक्र

**जयशंकर बोले- ग्लोबल साउथ के सामने 4एफ संकट**

अपने बयान में विकासशील देशों के सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया का यह हिस्सा 4एफ संकट से जूझ रहा है। इनमें फाइनेंस, फ्यूल, फूड और फर्टिलाइजर शामिल है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि इन समस्याओं के समाधान में विकसित देशों की भी बराबर की हिस्सेदारी है। बाजार के विकृत और संकीर्ण तौर-तरीके आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं, इसलिए इस पर गंभीर और सच्ची बातचीत की सख्त जरूरत है।

**शांति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हैं, अनदेखी न करें**

जयशंकर ने कहा कि दुनिया में शांति, विकास और समृद्धि के बीच गहरा संबंध है। संघर्ष और हिंसा किसी भी समाज की तरक्की में बाधा बनते हैं। दुनिया के एक हिस्से का समृद्ध होना और दूसरे हिस्से का बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना लंबे समय तक संभव नहीं है। इसलिए देशों को अपने हितों के साथ-साथ पूरी दुनिया की जरूरतों को भी समझना होगा। उन्होंने साफ किया कि स्थायी शांति के लिए आपसी सहयोग, बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देना जरूरी है। युद्ध और आतंकवाद से किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सकता।

**एआई को लेकर चेतावनी भी दी**

*इसके अलावा तकनीक पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन इसके विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे मानव-केंद्रित और समावेशी दृष्टिकोण का समर्थन करता है जो पूरी मानवता के हित में हो। अंत में विदेश मंत्री ने अपने संबोधन के अंत में इस बात पर जोर दिया कि प्रगति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।*

**मुकाबले से ज्यादा जरूरी है सहयोग की भावना**

*सम्मेलन में जयशंकर ने दुनिया के देशों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिस्पर्धा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मानव समाज में हमेशा दो तरह की सोच रही है।*

*एक सोच प्रतिस्पर्धा को महत्व देती है, जबकि दूसरी सहयोग को बेहतर रास्ता मानती है। यही सोच देशों के आपसी रिश्तों और उनके व्यवहार में भी दिखाई देती है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि करीब आठ दशक पहले दुनिया ने मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी, जहां देश साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग कर सकें। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 में भी इसी भावना को जगह दी गई है।*

### अंतरिक्ष में बड़ी छलांग, 2029 तक चार लॉन्च पैड

# दो महीने में गगनयान का पहला मानवरहित परीक्षण होगा, चंद्रयान-5 में 350 किलो का रोवर भी भेजेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि वर्ष 2029 तक देश में चार प्रक्षेपण स्थल चालू हो जाएंगे। इससे भारत की अंतरिक्ष गतिविधियों का विस्तार होगा और उपग्रह प्रक्षेपण की बढ़ती वैश्विक मांग पूरी करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इसरो का निजीकरण नहीं होगा, लेकिन वाणिज्यिक गतिविधियों के विस्तार के लिए निजी कंपनियों और स्टार्टअप के साथ साझेदारी बढ़ाई जाएगी।



नारायणन के मुताबिक, तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के कुलसेकरपट्टिनम में 2,000 एकड़ क्षेत्र में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के लिए अलग परिसर विकसित किया जाएगा। यहां रॉकेट के विभिन्न हिस्सों और उपकरणों को जोड़ने, प्रक्षेपण, निगरानी, नियंत्रण और आंकड़े प्राप्त करने की सुविधाएं होंगी।

#### रोजगार भी बढ़ेंगे

निजी क्षेत्र को तकनीकी सहयोग देने से आर्थिक विकास के साथ उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसरो अध्यक्ष ने बताया कि अगले दो महीने में गगनयान मिशन का पहला मानवरहित परीक्षण करने की योजना है। अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने से पहले दो और मानवरहित परीक्षण किए जाएंगे। इन दौरान सुरक्षा प्रणालियों, वातावरण नियंत्रण, आपात स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित निकालने की व्यवस्था और अंतरिक्ष यान की सुविधाओं की जांच होगी।

### अमेरिका में जी-20 में मिलने की उम्मीद

# तनाव के बीच दिसंबर में फिर मिल सकते हैं मोदी-जिनपिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव की खबरों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की दिसंबर में फिर मुलाकात होने की संभावना जताई जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेता 14 या 15 दिसंबर को अमेरिका के फ्लोरिडा में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान बातचीत कर सकते हैं। सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेजबानी में मियामी में आयोजित होने की बात



कही गई है। हालांकि, दोनों नेताओं की संभावित मुलाकात को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पिछले महीने नई दिल्ली में मोदी और जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी।

### रक्षामंत्री राजनाथ करेंगे शिरकत

# नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक पर मंथन आज से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की पांचवीं नौसैनिक नवाचार एवं स्वदेशीकरण संगोष्ठी 'स्वावलंबन 2026' का आयोजन आज यानी 26 और 27 अक्टूबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में होगा।



'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और सामर्थ्य' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 26 अक्टूबर को शामिल होंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य स्वदेशी तकनीकों को बढ़ावा देना और रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता मजबूत करना है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग, स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, शिक्षाविदों और निवेशकों की भागीदारी रहेगी।

इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम तकनीक, स्वायत्त प्रणालियों और हाइपरसोनिक तकनीक के नौसैनिक अभियानों में इस्तेमाल पर चर्चा होगी।

### 3 राज्यों में 38 ठिकानों पर छापेमारी, 1424 खाते फ्रीज

# ऑपरेशन त्रिशूल से 100 करोड़ के हवाला नेटवर्क का खुलासा

**खास बातें**

- 17.82 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया
- 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए नकद भी बरामद किए
- डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर से चल रहा था खेल
- अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के बीच तस्करी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में ड्रग्स के अवैध कारोबार और नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ एक और ऐतिहासिक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जानकारी दी कि केंद्रीय एजेंसियों और पूर्वोत्तर के राज्यों की पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन त्रिशूल को अंजाम दिया है। शाह के पोस्ट के अनुसार, इस बड़े ऑपरेशन के तहत असम, मिजोरम और मणिपुर में कुल 38 ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई, जिससे अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल की कमर टूट



एआई फोटो

गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में शाह ने बताया कि 23 अक्टूबर को चलाए गए इस अभियान के दौरान एजेंसियों ने 100 करोड़ के हवाला लेनदेन का पर्दाफाश किया है। जांच के दौरान कुल 1424 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है, जबकि 17.82 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया गया है। बता दें कि इस कार्रवाई में कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, अधिकारियों ने 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के बीच डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर के रास्ते अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था। केंद्र सरकार और तीनों राज्यों असम, मिजोरम और मणिपुर की पुलिस ने आपसी तालमेल से इस खतरनाक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह ने अपने पोस्ट में दृढ़ संकल्प जताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ऑपरेशन त्रिशूल के जरिए ड्रग्स के खिलाफ एक और घातक प्रहार किया है।

#### 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त करने का लक्ष्य

इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को नशा मुक्त करने के अपने लक्ष्य को भी दोहराया। अपने



पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने संकल्प लिया है कि 31 दिसंबर 2029 तक देश से हर एक ड्रग नेटवर्क का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। गृह मंत्री ने साफ किया है कि गृह मंत्रालय इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और 'नशा मुक्त भारत' के रोडमैप को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

### अहमदाबाद-मुंबई के बीच 508 किमी का कॉरिडोर तैयार

2027 के आखिरी 3 महीनों में शुरू हो सकती है देश की पहली हाईस्पीड ट्रेन सेवा

# 100 फीट नीचे स्टेशन, समुद्र के भीतर सात किमी सुरंग से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक,



अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर पर पहली ट्रेन सेवा 2027 की आखिरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में आधुनिक रेलवे स्टेशनों के साथ सुरंगों और पुलों का निर्माण



किया जा रहा है।

इसकी खासियत मुंबई में जमीन से करीब 100 फीट नीचे बन रहा स्टेशन और समुद्र के नीचे से गुजरने वाली सात किलोमीटर लंबी सुरंग है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन बनाया जा रहा है।

#### 320 किमी प्रति घंटा होगी बुलेट ट्रेन की स्पीड

यहां छह प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक की लंबाई 400 मीटर से अधिक होगी। महाराष्ट्र में कॉरिडोर का 21 किलोमीटर हिस्सा सुरंग से होकर गुजरेगा। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे समुद्र के भीतर सात किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है। इसके निर्माण के लिए जुलाई 2026 में विक्रोली और सावली से दो टनल बोरिंग मशीनें शुरू की गई थीं। प्रत्येक मशीन का व्यास 13.6 मीटर और वजन 3,000 टन से अधिक है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109